सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम ...टै० टाइम्स ऑफ इंडिया लखनऊ... दिनांक 25 APR 2024

# Medical kits for polling personnel to tackle heat

TIMES NEWS NETWORK

**Lucknow:** Polling personnel deputed for the second phase of polling on April 26 will be provided with medical kits in light of the high temperatures prevailing in the state currently. Directions have been issued to ensure that all necessary facilities are available for personnel and voters at polling stations.



Polling teams will leave for their respective stations on April 25. There are eight constituencies that are going to polls in the second phase which include Amroha, Meerut, Baghpat, Ghaziabad, Gautam Budh Nagar, Bulandshahr, Aligarh and Mathura.

State chief electoral officer **Navdeep Rinwa** said that directions have been issued to all district election officers concerned to ensure necessary facilities for voters and polling personnel at polling centres and booths like tents, sheds, drinking water. Before the personnel depart for their stations, they will be issued medical kits to tackle complications like heat stroke.

Meanwhile, in compliance with the directives of the Election Commission of India, various agencies like UP Police, Income Tax, Excise, Narcotics have been carrying out operations to ensure free and fair elections. So far, 480 interstate check posts and 1,836 check posts are operational within the state.

Between March 16 and April 23, the police department seized 495 licensed weapons whereas licenses for 4,553 weapons were revoked.

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० पॉयनियर लखनऊ दिनांक 25 APR 2024

# Polling staff to get medical kits

PNS ■ LUCKNOW

In view of the soaring temperatures in Uttar Pradesh, medical kits, particularly to deal with heatstroke cases, will be provided to the polling personnel for the voting scheduled on April 26 in eight Lok Sabha constituencies going to polls in the second phase.

Directions have also been issued to ensure all necessary facilities for polling personnel and voters at polling stations.

The polling parties will depart for polling stations on April 25 to ensure fair and peaceful elections in the state. The eight constituencies of UP that are going to polls in the second phase include Amroha, Meerut, Baghpat, Ghaziabad, Gautam Buddha Nagar, Bulandshahr, Aligarh and Mathura. These eight Lok Sabha seats fall in nine districts of the state, namely, Amroha, Hapur, Meerut, Baghpat, Ghaziabad, Gautam Buddha Nagar, Bulandshahr, Aligarh and Mathura.

UP's Chief Electoral Officer Navdeep Rinwa said that instructions had been given to all the district election officers to send polling parties as scheduled for the second phase of voting in eight Lok Sabha constituencies. He said that directions had been issued to all the district election officers concerned to ensure necessary facilities for voters and polling personnel at polling centres and polling booths.

Prior to the departure of polling parties, the polling personnel will be provided with medical kits to address health conditions such as heatstroke. In view of the heat, tents, sheds, drinking water arrangements and other necessary facilities will be installed at polling centres as per the guidelines issued earlier.

The CEO said in compliance with the directives of the Election Commission of India, continuous operations were being carried out across UP by the police, income tax, excise, narcotics and other departments. For thorough inspection, 480 inter-state check posts and 1,836 check posts within the state are operational, he added.

From March 16 to April 23, 2024, the state police have seized 495 licensed weapons whereas licences for 4,553 weapons have been revoked and deposited. Notices have been issued under the Criminal Procedure Code to 2,532,068 individuals over concerns of peace disruption, of which 2,061,166 have already been restricted. Additionally, the police have seized 7,650 unlicensed weapons, 7,753 cartridges, 2,900 kilograms of explosives and 411 bombs. Besides, raids were conducted on 3,153 illegal weapon manufacturing centres, while 148 were busted.

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० हिन्दुस्तान टाइम्स, लखनऊ दिनांक 25 APR 2024

## DIGITAL MASCOT 'UTTARA' LAUNCHED

**LUCKNOW:** To motivate voters to exercise their franchise rights and to assist them in obtaining election-related information, the UP Chief Electoral Officer (CEO), Navdeep Rinwa on Wednesday launched 'Uttara', a digital mascot aimed at providing election-related information to voters and resolving their queries, will reach out to the public through social media platforms. Through the digital mascot, voters will be able to ask questions via the official handles of the Chief Electoral Officer on X, Facebook, Instagram, and YouTube. 'Uttara' will provide answers to these questions through digital videos each day. The main objective of this initiative is to increase voter awareness and motivate them to vote. The CEO said that with the launch of 'Uttara', a new chapter had been added in voter awareness and digital dialogue in Uttar Pradesh.

{ 2ND PHASE }

# MEDICAL KITS FOR POLLING PARTIES TO BEAT THE HEAT

HT Correspondent
letters@htlive.com

**LUCKNOW :** Medical kits will be provided to all the polling personnel for the voting scheduled on April 26 across 8 constituencies in the second phase of the Lok Sabha elections.

"With chances of heat stroke increasing with soaring temperature, we have decided to provide a medical kit to polling personnel before their departure, said State Chief Electoral Officer Navdeep Rinwa on Wednesday in a press statement.

Rinwa said other facilities such as tents, sheds and drinking water arrangements will be put in place as per the guidelines issued earlier.

"Polling parties will depart for polling stations on April 25," he said.

The eight constituencies of UP that are going to polls in the second phase include, Amroha, Meerut, Baghpat, Ghaziabad, Gautam Buddha Nagar, Bulandshahr, Aligarh, and Mathura. These 8 Lok Sabha seats fall under 9 districts of the state, namely, Amroha, Hapur, Meerut, Baghpat, Ghaziabad, Gautam Buddha Nagar, Bulandshahr, Aligarh, and Mathura.

**RINWA SAID OTHER FACILITIES SUCH AS TENTS, SHEDS & DRINKING WATER ARRANGEMENTS WILL BE PUT IN PLACE AS PER THE GUIDELINES.**

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम ......दै० हिन्दुस्तान लखनऊ...... दिनांक ...25 APR 2024...

# मतदान कर्मियों को मिलेगी हीट स्ट्रोक व मेडिकल किट

लखनऊ, विशेष संवाददाता। प्रदेश में गर्मी के प्रकोप को देखते हुए लोकसभा चुनाव 2024 के दूसरे चरण की 8 सीटों पर 26 अप्रैल को होने जा रहे मतदान के लिए मतदान कर्मियों को हीट स्ट्रोक और मेडिकल किट उपलब्ध कराई जाएगी। इसके साथ-साथ मतदान केंद्रों पर भी मतदान कर्मियों और मतदाताओं के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए हैं।

मतदान को सकुशल, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए 25 अप्रैल (गुरुवार) को मतदेय स्थलों के लिए पोलिंग पार्टियां रवाना होंगी। प्रदेश की 8 लोकसभा सीटों में अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर (अ.जा.), अलीगढ़ और मथुरा में मतदान होना



**मुख्य निर्वाचन अधिकारी बोले समय से रवाना हों पोलिंग पार्टियां**

है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि दूसरे चरण चरण की 8 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 26 अप्रैल को होने वाले मतदान के लिए सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को समय से पोलिंग पार्टियों को रवाना करने के निर्देश दे दिए गए हैं। द्वितीय चरण के लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों से संबंधित सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को मतदान केंद्रों एवं मतदेय स्थलों (पोलिंग बूथ) पर मतदाताओं एवं मतदान कर्मियों के लिए जरूरी सुविधाएं मुहैया कराने के निर्देश दिए गए हैं। पोलिंग पार्टियों के रवाना होने से पहले सभी मतदान कर्मियों को हीट स्ट्रोक से बचने और स्वास्थ्य के दृष्टिगत मेडिकल किट उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे आवश्यकता पड़ने पर उपयोग किया जा सके। गर्मी के दृष्टिगत टेंट, शेड, पीने के पानी की व्यवस्था समेत अन्य आवश्यक सुविधाएं पहले जारी किए गए दिशा निर्देशों के अनुरूप ही रहेंगी।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै०राष्ट्रीय सहारा लखनऊ दिनांक 25 APR 2024

# मतदान केन्द्रों पर रहेगी पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था : रिणवा



**लखनऊ (एसएनबी)।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि द्वितीय चरण के लिए शुक्रवार को होने वाले मतदान को लेकर मतदान केन्द्रों पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था की गयी है। सभी मतदान केन्द्रों पर पर्याप्त मात्रा में अर्द्धसैनिक व पुलिस बल तैनात किये गये हैं। संवेदनशील व अतिसंवेदनशील मतदान केन्द्रों पर विशेष नजर रखी जा रही है।

उन्होंने बताया कि चुनाव प्रचार समाप्त होने के बाद सभी जिला निर्वाचन अधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि सभी बाहरी राजनैतिक पदाधिकारी व कार्यकर्ता इस दौरान निर्वाचन क्षेत्र छोड़ दें और इसके लिए मतदान से पहले चुनाव प्रचार पर रोक सम्बन्धी आयोग का निर्देश सभी राजनैतिक दलों, चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों और उनके एजेन्टों के ध्यान में लाएं। चुनाव प्रचार समाप्त होने के बाद निर्वाचन क्षेत्र में किसी भी प्रकार की चुनाव प्रचार सम्बन्धी गतिविधियां संचालित नहीं होंगी। उन्होंने बताया कि निर्वाचन आयोग ने मतदान के दिन मतदान केन्द्रों के अन्दर मोबाइल फोन, स्मार्ट फोन, वायरलेस सेट आदि ले जाने पर रोक लगा दी है जबकि पीठासीन अधिकारी अपने फोन साइलेंट मोड में ले जा सकेंगे और आवश्यकता पड़ने व आपात स्थिति में केवल सेक्टर अधिकारियों, निर्वाचन अधिकारियों और पर्यविक्षकों के साथ बातचीत में उपयोग कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि द्वितीय चरण के लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों से सम्बन्धित सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को मतदान केन्द्रों व मतदेय स्थलों (पोलिंग बूथ) पर मतदाताओं एवं मतदान कर्मियों के लिए जरूरी सुविधाएं मुहैया कराने के निर्देश दिये गये हैं। पोलिंग पार्टियों के रवाना होने से पहले सभी मतदान कार्मिकों को हीट स्ट्रोक से बचने व स्वास्थ्य के दृष्टिगत मेडिकल किट उपलब्ध करायी जाएगी, जिससे आवश्यकता पड़ने पर उसका उपयोग किया जा सके।

**चुनाव के मद्देनजर 20.61 लाख लोग पाबन्द :** मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि लोकसभा चुनाव में शांति भंग की आशंका को लेकर 2532068 लोगों को पाबन्द करने की नोटिस जारी की गयी है तथा 2061166 लोगों को पाबन्द किया जा चुका है। पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक व्यक्तियों के 495 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये। 4553 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराये गये। 7650 अवैध शस्त्र, 7753 कारतूस, 2900.32 किलोग्राम विस्फोटक व 411 बम बरामद कर सीज किये गये। आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नारकोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा अब तक कुल 32056.68 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नगदी आदि जब्त किये गये। बाराबंकी की दरियाबाद विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 13.50 लाख रुपये की 270 ग्राम ड्रग पकड़ी गयी। अब तक सार्वजनिक एवं निजी स्थानों से कुल 11751475 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी।

**निर्वाचन की नवीन डिजिटल पहल 'उत्तरा' का हुआ विमोचन :** मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बुधवार को एक नवीन डिजिटल पहल 'उत्तरा' का विमोचन किया। 'उत्तरा' एक डिजिटल शुभंकर है जिसका उद्देश्य मतदाताओं को चुनाव से सम्बन्धित जानकारी प्रदान करना और उनके प्रश्नों का समाधान करना है। सोशल मीडिया के माध्यम से जनता तक पहुंचना है। इस डिजिटल शुभंकर के माध्यम से, मतदाता एक्स, फेसबुक, इंस्टाग्राम और यूट्यूब पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी के आधिकारिक हैंडल के जरिए अपने प्रश्न पूछ सकेंगे। 'उत्तरा' प्रत्येक दिन डिजिटल वीडियो के माध्यम से इन प्रश्नों के उत्तर प्रदान करेगी।

समाचार पत्र का नाम ...... दै० हिन्दुस्तान लखनऊ ...... दिनांक 25 APR 2024

## यूपी की आठ सीटों पर प्रचार थमा, मतदान कल

लखनऊ/नई दिल्ली, हिटी। देशभर में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के प्रचार का शोर बुधवार शाम छह बजे थम गया। इस चरण में यूपी की आठ सीटों समेत 12 राज्यों की 88 सीटों पर कुल 1206 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। 26 अप्रैल को मतदान होगा। दूसरे चरण में यूपी से 91 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि 25 अप्रैल को मतदान केन्द्रों के लिए पोलिंग पार्टियां रवाना होंगी। दूसरे चरण में देश में राहुल गांधी, अरुण गोविल, हेमा मालिनी, केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर भाग्य आजमा रहे हैं। > सात सीट जीते थे P09

# आठ में से सात सीटों पर भाजपा प्रत्याशी जीते थे

लखनऊ, विशेष संवाददाता। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में उत्तर प्रदेश की आठ लोकसभा सीटों पर चुनाव प्रचार बुधवार शाम को थम गया। 2019 के लोकसभा चुनाव में इन आठ सीटों में से सात भाजपा ने और अमरोहा की एक सीट बसपा ने जीती थी।

इस चरण में मेरठ से लोकप्रिय धारावाहिक रामायण में राम की भूमिका निभाने वाले अरुण गोविल को उतार भाजपा ने प्रतिष्ठा का मुकाबला बना दिया है। गौतमबुद्धनगर और मथुरा से निवर्तमान सांसद डा.महेश शर्मा और अभिनेत्री हेमा मालिनी को दोबारा उम्मीदवार बनाया है। गाजियाबाद से भाजपा के अतुल गर्ग, कांग्रेस की डॉली शर्मा के अलावा बसपा के नंदकिशोर पुंडीर के बीच मुकाबला है। बुलंदशहर सु.सीट पर भाजपा के भोला सिंह, कांग्रेस के शिवराम वाल्मीकि हैं।

### कहां कितने प्रत्याशी

| | |
|---|---|
| अमरोहा | 12 |
| बागपत | 07 |
| गाजियाबाद | 14 |
| गौतमबुद्धनगर | 15 |
| बुलन्दशहर (सु.) | 06 |
| अलीगढ़ | 14 |
| मथुरा | 15 |
| मेरठ | 08 |

### दूसरे चरण की आठ सीटों पर कहां कितने मतदाता

| लोकसभा सीट | पुरुष | महिला | थर्ड जेंण्डर | कुल वोटर |
|---|---|---|---|---|
| अमरोहा | 908551 | 808035 | 55 | 1716641 |
| मेरठ | 1075368 | 925022 | 140 | 20,00,530 |
| बागपत | 897703 | 755369 | 74 | 1653146 |
| गाजियाबाद | 1623506 | 1321804 | 177 | 2945487 |
| गौतमबुद्धनगर | 1450795 | 1224234 | 119 | 2675148 |
| बुलंदशहर सु. | 975287 | 884126 | 49 | 1859462 |
| अलीगढ़ | 1062470 | 934652 | 112 | 1997234 |
| मथुरा | 1032371 | 897114 | 65 | 1929550 |

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम ......दै० हिन्दुस्तान लखनऊ...... दिनांक ...25 APR 2024...

# आचार संहिता उल्लंघन में 94 एफआईआर दर्ज

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव में आदर्श आचार संहिता के अनुपालन में अब तक वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग के 1275 मामलों में तथा लाउडस्पीकर एक्ट के उल्लंघन के 2192 मामलों में कार्रवाई की गई। बिना अनुमति के सभा व भाषण करने, मतदाताओं को लुभाने के लिए नकदी बांटने, वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग एवं अन्य मामलों में 94 एफआईआर दर्ज, 6 एनसीआर सहित कुल 100 प्रकरण में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै०राष्ट्रीय सहारा लखनऊ दिनांक 25 APR 2024

# दूसरे चरण का प्रचार थमा, आज रवाना होंगी पोलिंग पार्टियां

■ दूसरे चरण की आठ सीटों के लिए कल पड़ेंगे वोट

■ 91 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे 1.67 करोड़ मतदाता

लखनऊ (एसएनबी)। लोकसभा चुनाव को लेकर उत्तर प्रदेश की आठ लोकसभा के लिए दूसरे चरण में होने वाले मतदान को लेकर बुधवार को प्रचार कार्य थम गया। इन सीटों पर मतदान कराने के लिए बृहस्पतिवार को पोलिंग पार्टियों की रवानगी सम्बन्धित जिला मुख्यालयों से की जाएगी। इन सीटों के लिए मतदान शुक्रवार 26 अप्रैल को प्रातः सात बजे से सायं छह बजे तक होगा। अन्तिम दिन सभी पार्टी के नेताओं ने चुनाव प्रचार में अपनी पूरी ताकत झोंक दी है।

द्वितीय चरण के लिए उत्तर प्रदेश की जिन सीटों के लिए मतदान होना है उनमें अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर (सुरक्षित), अलीगढ़ व मथुरा शामिल हैं। यह सभी आठ लोकसभा क्षेत्र अमरोहा, हापुड़, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़ तथा मथुरा जनपद में आते हैं। इन सीटों के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने का कार्य 28 मार्च से 04 अप्रैल के बीच किया गया है। इन आठ सीटों पर कुल 175 प्रत्याशियों ने अपने पर्चे भरे थे जिसमें जांच के दौरान पांच अप्रैल को 81 नामांकन पत्र निरस्त कर दिये गये जबकि आठ अप्रैल को नाम वापसी के दौरान 03 प्रत्याशियों ने अपना नाम वापस ले लिया। इसके बाद इस सीट से कुल 91 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। इसमें 81 पुरुष व 10 महिला उम्मीदवार हैं। भाजपा, कांग्रेस व सपा, बसपा व रालोद गठबंधन के प्रत्याशियों के लिए उनके बड़े नेताओं ने भी प्रचार किया। इन सीटों के लिए प्रचार कार्य बुधवार की शाम छह बजे थम गया।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि आठ लोकसभा क्षेत्रों के मतदान के लिए कुल 7797 मतदान केन्द्रों पर 17677 मतदेय स्थल बनाये गये हैं। जहां पर 16777198 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें 9026051 पुरुष, 7750356 महिला व 791 तृतीय लिंग के मतदाता हैं। उन्होंने बताया कि मतदान कराने के लिए पोलिंग पार्टियों की रवानगी बृहस्पतिवार को सम्बन्धित जिलों से की जाएगी। शान्तिपूर्ण व निष्पक्ष मतदान कराने के लिए सभी जिलाधिकारियों व पुलिस विभाग के अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिये जा चुके हैं।

## चौथा चरण : छठे दिन 53 प्रत्याशियों ने पर्चे भरे

■ छह दिन में 133 प्रत्याशियों ने की दावेदारी

■ प्रत्याशी 25 तक दाखिल कर सकेंगे नामांकन

लखनऊ (एसएनबी)। लोस चुनाव-2024 के चौथे चरण की 13 लोकसभा सीटों के लिए बुधवार को छठे दिन 53 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किये। छह दिन में इन सीटों के लिए 133 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किये हैं। इसके साथ ही ददरौल विधानसभा सीट के उपचुनाव को लेकर छठे दिन तीन पर्चे भरे गये। चतुर्थ चरण के प्रत्याशी 25 अप्रैल तक अपना नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि लोकसभा चुनाव के चतुर्थ चरण का नामांकन 18 अप्रैल को अधिसूचना जारी होने के साथ ही प्रारम्भ हो गया। इन सीटों के लिए छठे दिन 53 प्रत्याशियों ने पर्चा भरा। इनमें शाहजहांपुर से सपा की ज्योत्सना गौड़ ने, बसपा के दोद राम वर्मा, संयुक्त विकास पार्टी के किशन लाल, राष्ट्रीय क्रांति पार्टी के प्रदीप कुमार, भारतीय भाईचारा पार्टी से नरेन्द्र कुमार, निर्दलीय प्रत्याशी मीना कश्यप ने, खीरी से परिवर्तन समाज पार्टी की संध्या जायसवाल, धौरहरा से उत्तर प्रदेश रिपब्लिकन पार्टी के भगौती प्रसाद, पीस पार्टी के कासिम अली, निर्दलीय प्रत्याशी राम नरेश तथा सीतापुर नारी नर रक्षक पार्टी से मुन्ना लाल, कांग्रेस के राकेश कुमार, अपना दल (कमेरावादी) के मो. काशिफ, आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के लेखराज ने पर्चा भरा।

हरदोई से सपा की ऊषा वर्मा, बसपा के भीमराव अम्बेडकर, पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) के श्याम कुमार, जस्टिस पार्टी के इन्द्रपाल पासी, निर्दलीय प्रत्याशियों में शिव कुमार व अवधेश कुमार, मिश्रिख से बसपा के बीआर अहिरवार, राष्ट्रीय जनशक्ति समाज पार्टी की सावित्री देवी, निर्दलीय प्रत्याशी मनोज कुमार राजवंशी, उन्नाव से भाजपा के स्वामी सच्चिदानंद हरि साक्षी, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के हिमांशु शर्मा, फर्रुखाबाद से बसपा के क्रांति पाण्डेय, सपा के नवल किशोर, स्वतंत्र इंडियन लेबर पार्टी के विक्रांत सिंह, भारतीय जवान किसान पार्टी के विद्या प्रकाश, निर्दलीय प्रत्याशियों मे मानसिंह यादव व सौभाग्यवती राजपूत ने पर्चा भरा।

इटावा से बसपा की सारिका सिंह, सम्यक पार्टी की भुवनेश कुमारी, निर्दलीय प्रत्याशियों में हरीश कुमार, रजनी, मृदुला, कन्नौज से भारतीय किसान परिवर्तन पार्टी के शैलेन्द्र कुमार, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के सुनील, राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के आलोक वर्मा, राष्ट्रीय जनसंचार दल के अंकुर प्रताप सिंह, अनरक्षित समाज पार्टी के रामलखन, राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के राम बख्श सिंह, निर्दलीय प्रत्याशियों में राज कठेरिया, इरफान अली, नेहा पाठक, सिनोद कुमार ने, कानपुर से निर्दलीय प्रत्याशी आलोक मिश्रा, अकबरपुर से निर्दलीय प्रत्याशी राजाराम तथा बहराइच से बसपा के बिरजेश कुमार, सरदार पटेल सिद्धांत पार्टी के राम मिलन, निर्दलीय प्रत्याशियों में रमेश वाल्मीकि, जगराम, जनार्दन गोंड ने पर्चा भरा। ददरौल विधानसभा सीट के उपचुनाव के लिए बसपा के सर्वेश चन्द्र मिश्रा, निर्दलीय प्रत्याशियों में अजीत शुक्ला व कंचन ने पर्चा भरा।

समाचार पत्र का नाम दै० अमर उजाला लखनऊ दिनांक 2 5 APR 2024

## दूसरे चरण के लिए आज रवाना होंगी पोलिंग पार्टियां

लखनऊ। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण की आठ सीटों पर 26 अप्रैल को होने वाले मतदान के लिए पोलिंग पार्टियां बृहस्पतिवार को रवाना होंगी। प्रचंड गर्मी के मद्देनजर मतदान कर्मियों को हीट स्ट्रोक और मेडिकल किट उपलब्ध कराई जाएंगी। वहीं, मतदान केंद्रों पर भी मतदान कर्मियों और मतदाताओं के लिए सभी जरूरी सुविधाएं सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए हैं। दूसरे चरण में प्रदेश की अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर (अजा), अलीगढ़ और मथुरा लोकसभा सीट के लिए मतदान होना है। इन आठ सीटों पर 91 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। इसमें 10 महिला प्रत्याशी हैं। कुल 1,67,77,198 मतदाता हैं। इसमें 90,26,051 पुरुष मतदाता, 77,50,356 महिला मतदाता व 791 थर्ड जेंडर हैं। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि शुक्रवार को होने वाले मतदान के लिए सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को समय से पोलिंग पार्टियों को रवाना करने के निर्देश दे दिए गए हैं। ब्यूरो

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दैनिक जागरण लखनऊ दिनांक 25 APR 2024

## मतदाताओं को जागरूक करेगी डिजिटल शुभंकर 'उत्तरा'

राब्यू, जागरण• लखनऊ : मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बुधवार को नई डिजिटल पहल 'उत्तरा' का विमोचन किया। 'उत्तरा' डिजिटल शुभंकर है, जिसका उद्देश्य मतदाताओं को चुनाव से संबंधित जानकारी देने के साथ ही उनकी जिज्ञासाओं का समाधान करना है और इंटरनेट मीडिया के माध्यम से जनता तक पहुंचना है। इस डिजिटल शुभंकर के माध्यम से मतदाता एक्स, फेसबुक, इंस्टाग्राम और यूट्यूब पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी के आधिकारिक हैंडल्स के जरिये अपने प्रश्न पूछ सकेंगे।

समाचार पत्र का नाम दैनिक जागरण लखनऊ दिनांक 25 APR 2024

# संवेदनशील इलाकों में निगरानी रखें मजिस्ट्रेट

**जागरण संवाददाता • लखनऊ** : 20 मई को होने वाले लोकसभा चुनावों को लेकर प्रशासनिक मशीनरी सक्रिय है। मंडलायुक्त डा. रोशन जैकब ने आचार संहिता का अनुपालनं कराने व चुनाव तैयारियों के संबंध में पुलिस और प्रशासन के अफसरों के साथ बैठक की। कहा कि वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने के लिए गंभीरता से काम करें। कानून व्यवस्था, वल्नरेबिलिटी, संवेदनशील एवं अति संवेदनशीलता क्षेत्रों को एसडीएम, पुलिस तथा संबंधित टीमें संयुक्त रूप से भ्रमण कर कमियों को दूर कर लें। मजिस्ट्रेट व संबंधित अधिकारी निर्वाचन आयोग के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराएं।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम ...दै० हिन्दुस्तान लखनऊ... दिनांक ...25 APR 2024

# चुनाव आयोग संवैधानिक संस्था, हम नियंत्रित नहीं कर सकते: सुप्रीम कोर्ट

**टिप्पणी**

■ प्रभात कुमार

नई दिल्ली। ईवीएम में दर्ज 100 फीसदी मतदान को वीवीपैट पर्चियों से मिलान करने की मांग पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि वह चुनाव को नियंत्रित नहीं कर सकता। शीर्ष अदालत ने कहा कि निर्वाचन आयोग एक संवैधानिक संस्था है और हम इसे नियंत्रित नहीं कर सकते।

जस्टिस संजीव खन्ना और दीपांकर दत्ता की पीठ ने निर्वाचन आयोग से कुछ तथ्यात्मक स्पष्टीकरण लेने के बाद दोबारा से फैसला सुरक्षित रख लिया। जस्टिस दत्ता ने याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता प्रशांत भूषण की दलीलों को सुनने के बाद यह टिप्पणी की।



> भारतीय निर्वाचन आयोग एक संवैधानिक प्राधिकरण है और किसी अन्य संवैधानिक संस्था को नियंत्रित नहीं कर सकते।
>
> –सुप्रीम कोर्ट की पीठ

**संदेह को दूर कर दिया है:** अधिवक्ता भूषण ने कहा, निर्वाचन आयोग द्वारा ये कहना कि ईवीएम में प्रोसेसर चिप सिर्फ एक प्रोग्रामेबल है, यह संदेह के घेरे में है। उनकी इस दलील पर जस्टिस खन्ना ने कहा कि नर्वाचन आयोग के अधिकारी ने इस संदेह को दूर कर दिया है, अब इसमें कुछ बचा नहीं है।

➤ स्पष्टीकरण मांगा P12

# चार बिंदुओं पर स्पष्टीकरण मांगा

**ईवीएम मामला**

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में फैसला सुरक्षित किए जाने के छह दिन बाद दोबारा से बुधवार को सुनवाई की। शीर्ष अदालत ने कहा कि हम सिर्फ 3-4 बिंदुओं पर स्पष्टीकरण चाहते हैं। कुछ चीजें तथ्यात्मक रूप से हमें सही करना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने इन सवालों का जवाब देने के लिए निर्वाचन आयोग के संबंधित अधिकारी को भोजनावकाश के बाद 2 बजे सुनवाई के दौरान मौजूद रहने का आदेश दिया ताकि इन सवालों का जवाब मिल सके।

## सुधार करना है तो हम कर सकते हैं : जस्टिस खन्ना

मामले की सुनवाई के दौरान जस्टिस खन्ना ने कहा कि यदि कुछ सुधार करने की जरूरत है तो हम जरूर सुधार कर सकते हैं। 'ने पहले भी दो बार मामले में हस्तक्षेप किया है। उन्होंने कहा कि पहली बार सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि वीवीपैट अनिवार्य होना चाहिए और दूसरी बार जब अदालत ने वीवीपैट पर्चियों के मिलान एक से बढ़ाकर पांच कर दी थी।

**पहला** यह कि माइक्रोकंट्रोलर नियंत्रण इकाई में लगा है या वीवीपैट में? ऐसा संकेत मिल रहा है कि हम इस धारणा में थे कि माइक्रोकंट्रोलर ईवीएम के नियंत्रण इकाई में लगा है।

**दूसरा :** क्या सिर्फ नियंत्रण ईकाई को सील किया जाता है या वीवीपैट को अलग से रखा जाता है, इस पर हम कुछ स्पष्टीकरण चाहते हैं।

**तीसरा :** चुनाव चिन्ह लोडिंग यूनिट्स का संदर्भ लेते हैं, उनमें से कितनी उपलब्ध हैं?

**चौथा :** चुनाव याचिका की सीमा 30 दिन है और इसलिए ईवीएम में डेटा 45 दिनों के लिए संग्रहीत किया जाता है। लेकिन जन प्रतिनिधित्व कानून के तहत इसे सुरक्षित रखने की सीमा 45 दिन है, इसकी अवधि तदनुसार बढ़ानी पड़ सकती है।

Thursday, April 25, 2024

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० अमर उजाला लखनऊ ........ दिनांक 25 APR 2024

# हम चुनाव आयोग के लिए नियंत्रक अथॉरिटी नहीं बन सकते : शीर्ष कोर्ट

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह चुनाव को नियंत्रित नहीं कर सकता, न ही एक सांविधानिक निकाय के लिए नियंत्रक अथॉरिटी के रूप में कार्य कर सकता है। शीर्ष कोर्ट ने सवाल किया, क्या वह सिर्फ हैकिंग और हेरफेर के संदेह के आधार पर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) के संबंध में निर्देश जारी कर सकता है?

## वीवीपैट पर्चियों के 100 फीसदी मिलान पर फैसला अंतिम रूप से सुरक्षित

वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) की 100 फीसदी पर्चियों का ईवीएम के मतों से मिलान करने से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ ने कहा, गलत काम करने वाले के खिलाफ कानून के तहत नतीजे भुगतने के प्रावधान हैं। कोर्ट सिर्फ संदेह के आधार पर परमादेश नहीं दे सकता। पीठ ने मामले में 18 अप्रैल को फैसला सुरक्षित रखा था, पर चुनाव आयोग से कुछ और स्पष्टीकरण मांगने के लिए बुधवार को सुनवाई की। इसके बाद, फैसला अंतिम रूप से सुरक्षित रख लिया।

>> पर्चियों व वोट के बेमेल का एक भी उदाहरण नहीं : पेज 14

# पर्चियों व वोट के बेमेल का एक भी उदाहरण नहीं

नई दिल्ली। वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) की 100 फीसदी पर्चियों का ईवीएम के मतों से मिलान करने से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने याचिकाकर्ताओं से कहा, आजतक पर्चियों और मशीन के वोटों के बेमेल का एक भी मामला सामने नहीं आया है।

किसी भी प्रत्याशी को बेमेल दिखाने दें...हम चुनाव को नियंत्रित नहीं कर सकते। जिस रिपोर्ट पर आप भरोसा कर रहे हैं, वह कहती है कि अभी तक हैकिंग की कोई घटना नहीं हुई है। हम किसी अन्य सांविधानिक निकाय को नियंत्रित नहीं कर सकते।

**सोर्स कोड का खुलासा नहीं :** एक याचिकाकर्ता के वकील संतोष पॉल ने मोबाइल फोन का उदाहरण दिया, जिसे हैक किया जा सकता है और स्विच ऑफ के बाद भी ट्रैक किया जा सकता है। पॉल ने पारदर्शिता के लिए ईवीएम के सोर्स कोड का खुलासा करने की मांग की। पीठ ने साफ इन्कार कर दिया। कहा, ऐसा कभी नहीं किया जाए, इसका दुरुपयोग हो सकता है। ब्यूरो

## कोर्ट ने फिर कहा, मतपत्र पर वापस जाने का सवाल नहीं

याचिकाकर्ता एनजीओ एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) व अन्य को पीठ ने कहा, सुधार करने के लिए कुछ है, तो हम करेंगे। हम देखेंगे कि मौजूदा ईवीएम प्रणाली को मजबूत करने के लिए क्या जरूरी है, लेकिन मतपत्र पर वापस जाने का सवाल ही नहीं उठता।

## एक बार ही प्रोग्राम किया जा सकता है

सुप्रीम कोर्ट ने उप चुनाव आयुक्त नितेश व्यास को कोर्ट में बुलाकर ईवीएम के माइक्रोकंट्रोलर की प्रोग्रामिंग, मशीन सील और सुरक्षित रखने, डाटा सुरक्षित रखने की अवधि जैसे मुद्दों पर पीठ ने स्पष्टीकरण मांगा। व्यास ने कोर्ट को बताया कि ईवीएम की तीनों यूनिट, मतदान, कंट्रोल व वीवीपीएटी में माइक्रोकंट्रोलर लगे हैं। फिजिकली उन तक नहीं पहुंचा जा सकता। इन्हें एक बार ही प्रोग्राम किया जा सकता है। उन्होंने कहा, ईवीएम मशीनों को आमतौर पर 45 दिनों के लिए सुरक्षित रखा जाता है। चुनाव याचिका दायर करने की स्थिति में समयसीमा बढ़ा दी जाती है। व्यास ने पहले भी कोर्ट को ईवीएम की कार्यप्रणाली की जानकारी दी थी।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै०राष्ट्रीय सहारा लखनऊ दिनांक 25 APR 2024

# दूसरा चरण : चुनाव प्रचार थमा, वोटिंग कल

## 89 सीटों पर होगा मतदान

**नई दिल्ली (एसएनबी)।** लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए प्रचार अभियान बुधवार शाम को थम गया। इस चरण में 26 अप्रैल को 13 राज्यों की 89 सीट पर मतदान होगा।

सात चरण में हो रहे चुनाव के पहले चरण में पिछले शुक्रवार को 21 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों की 102 सीट पर लगभग 65.5 प्रतिशत मतदान हुआ था। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में केरल की सभी 20, कर्नाटक की 28 में से 14, राजस्थान की 13, महाराष्ट्र व उत्तर प्रदेश की 8-8, मध्य प्रदेश की 7, असम और बिहार की 5-5, छत्तीसगढ़ व पश्चिम बंगाल में 3-3, मणिपुर, त्रिपुरा और जम्मू-कश्मीर में 1-1 सीट पर मतदान होगा। इस चरण के प्रमुख उम्मीदवारों में केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर (तिरुवनंतपुरम), भाजपा के तेजस्वी सूर्या (बेंगलुरु दक्षिण), हेमा मालिनी (मथुरा), अरुण गोविल (मेरठ), कांग्रेस नेता राहुल गांधी (वायनाड), शशि थरूर (तिरुवनंतपुरम), कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री व कांग्रेस नेता डी.के. शिवकुमार के भाई डी.के. सुरेश (बेंगलुरू ग्रामीण) कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी (मांड्या) शामिल हैं। केरल में चुनाव प्रचार के अंतिम दिन विभिन्न राष्ट्रीय नेताओं ने प्रचार किया, जिनमें गृह मंत्री अमित शाह, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे और कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी शामिल थीं। इन नेताओं ने विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों में जनसभाओं को संबोधित किया। कर्नाटक में सत्तारूढ़ कांग्रेस और विपक्षी भाजपा-जनता दल (सेक्युलर) गठबंधन के बीच मुख्य मुकाबला माना जा रहा है। कांग्रेस ने जहां इस चरण की सभी 14 सीट पर उम्मीदवार उतारे हैं वहीं, भाजपा ने 11 जबकि जद (एस) ने तीन सीट पर उम्मीदवारों को टिकट दिए हैं। कुछ दिन में हुए प्रचार अभियान के दौरान पीएम नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने रैलियां और रोड शो किए। भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा, कुछ केंद्रीय मंत्री और गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने भी राज्य में प्रचार किया।

(संबंधित खबर पेज 13 पर)

**दूसरे चरण के प्रमुख उम्मीदवार**



राहुल गांधी (वायनाड) शशि थरूर (तिरुवनंतपुरम) हेमा मालिनी (मथुरा) अरुण गोविल (मेरठ)

## यूपी की 8 सीटों पर भी मतदान

**गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, बागपत, मेरठ, अमरोहा, अलीगढ़ और मथुरा।**

## राज्यवार ब्योरा

**केरल की सभी 20, कर्नाटक में 14, राजस्थान 13, महाराष्ट्र में 8, उत्तर प्रदेश में 8, मध्य प्रदेश में 7, असम में 5, बिहार में 5, छत्तीसगढ़ में 3, पश्चिम बंगाल में 3, मणिपुर में 1, त्रिपुरा में 1 और जम्मू-कश्मीर में 1 सीट पर मतदान होगा।**

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

दै०राष्ट्रीय सहारा लखनऊ 2 5 APR 2024

समाचार प ........................ दिनांक ........................

# चुनावी बॉन्ड : एसआईटी से जांच की मांग के लिए याचिका दाखिल

नई दिल्ली (एसएनबी)। अपारदर्शी चुनावी बॉन्ड योजना को लेकर जारी विवाद के बीच सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की गई है जिसमें राजनीतिक दलों, कॉरपोरेट घरानों और चुनावी बॉन्ड के जरिये दिए गए चंदे की जांच कर रही एजेंसियों के अधिकारियों के बीच 'परस्पर लाभ पहुंचाने' की कथित घटनाओं की अदालत की निगरानी में एसआईटी जांच कराने का अनुरोध किया गया है। शीर्ष अदालत की पांच-सदस्यीय संविधान पीठ ने 15 फरवरी को राजनीतिक दलों को गोपनीय रूप से चंदा देने से जुड़ी भाजपा सरकार की चुनावी बॉन्ड योजना को रद्द कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद चुनावी बॉन्ड के अधिकृत विक्रेता बैंक 'भारतीय स्टेट बैंक' ने निर्वाचन आयोग के साथ डेटा साझा किया था, जिसने बाद में सूचनाओं को सार्वजनिक कर दिया। सरकार द्वारा दो जनवरी 2018 को अधिसूचित चुनावी बॉन्ड योजना को राजनीतिक दलों को दिए जाने वाले नकद चंदे के विकल्प के रूप में पेश किया गया था। इस योजना को राजनीतिक दलों को चंदा देने में पारदर्शिता लाने के प्रयास के तहत शुरू किया गया था।

वकील प्रशांत भूषण के माध्यम से दायर याचिका में अधिकारियों को विभिन्न राजनीतिक दलों को 'मुखौटा कंपनियों और घाटे में चल रही कंपनियों' की ओर से दिए गए चंदे के स्रोत की जांच करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। ऐसी कंपनियों द्वारा चंदा दिए जाने का खुलासा चुनावी बॉन्ड से जुड़े डेटा के माध्यम से किया गया है। एनजीओ 'कॉमन कॉज और सेंटर फॉर पब्लिक इंटरेस्ट लिटिगेशन' द्वारा दायर याचिका में इसे 'घोटाला' करार देते हुए अधिकारियों को 'शेल कंपनियों और घाटे में चल रही कंपनियों' के वित्तपोषण के स्रोत की जांच करने का निर्देश देने की मांग की गई है, जिन्होंने विभिन्न राजनीतिक दलों को चंदा दिया था, जैसा कि चुनाव आयोग द्वारा जारी आंकड़ों से पता चला है। वकील प्रशांत भूषण के माध्यम से दायर याचिका में अधिकारियों को यह निर्देश देने का भी अनुरोध किया गया है कि कंपनियों द्वारा राजनीतिक दलों को 'लेन-देन व्यवस्था' के तहत चंदे में दी गई रकम को वसूला जाए।

## ईवीएम की कार्यप्रणाली पर स्पष्टीकरण मांगा



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने ईवीएम की कार्यप्रणाली के कुछ खास पहलुओं पर बुधवार को निर्वाचन आयोग से स्पष्टीकरण मांगा साथ ही निर्वाचन आयोग के एक शीर्ष अधिकारी को अपराह्न दो बजे तलब किया है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने कहा कि उसे कुछ पहलुओं पर स्पष्टीकरण की आवश्यकता है क्योंकि ईवीएम के बारे में निर्वाचन आयोग ने जो उत्तर दिए है उनमें कुछ भ्रम है।

समाचार पत्र का नाम दै० नवभारत टाइम्स लखनऊ दिनांक 2 5 APR 2024

# EVM सिस्टम और कैसे मज़बूत होगा देखेंगे : SC



Rajesh.Choudhary
@timesgroup.com

■ **नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने EVM और VVPAT मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि क्या वह हैकिंग और हेरफेर के संदेह के आधार पर EVM के मामले में निर्देश जारी नही कर सकता है। कोर्ट ने यह भी कहा है कि EVM सिस्टम को और मजबूत करने के लिए निर्देश जारी करने पर वह विचार कर सकता है। अब बैलट पर लौटा नही जा सकता है। कोर्ट ने कहा कि हम देखेंगे कि मौजूदा सिस्टम को और मजबूत करने के लिए क्या-क्या कदम उठाया जा सकता है और क्या जरूरी है। अदालत ने कहा कि चुनाव आयोग एक संवैधानिक संस्थान है। उसके नियत्रक अथॉरिटी के तौर पर कोर्ट काम नही कर सकता है। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस संजीव खन्ना की बेंच ने सुनवाई के दौरान कहा कि हम किसी अन्य संवैधानिक अथॉरिटी को नियंत्रित नही कर सकते है। हम चुनाव को नियंत्रित नहीं कर सकते है।

समाचार पत्र का नाम दै० नवभारत टाइम्स लखनऊ दिनांक 25 APR 2024

**इलेक्शन कमिशन से**

## मोदी की टिप्पणी के खिलाफ शिकायतों की जांच शुरू

**भाषा, नई दिल्ली:** चुनाव आयोग ने पीएम नरेंद्र मोदी के राजस्थान में दिए गए उस भाषण के खिलाफ दर्ज शिकायतों की पड़ताल शुरू कर दी है जिसमें उन्होंने दावा किया था कि अगर कांग्रेस सत्ता में आती है तो वह लोगों के धन को मुस्लिमों में बांट देगी। कांग्रेस और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने मोदी के भाषण को लेकर आयोग को अलग-अलग शिकायतें दी थीं। मोदी ने रविवार को कहा था कि कांग्रेस सत्ता में आई तो संपत्ति को मुसलमानों में बांटेगी। उन्होंने अपने इस दावे के लिए पूर्व पीएम मनमोहन सिंह की इस टिप्पणी का हवाला दिया था कि देश के संसाधनों पर पहला हक अल्पसंख्यक समुदाय का है।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० नवभारत टाइम्स लखनऊ दिनांक 2 5 APR 2024

# चुनाव कंट्रोल नही कर सकते : SC

■ **एनबीटी ब्यूरो, नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने EVM के वोटों और VVPAT पर्चियों के 100% मिलान वाली याचिका पर बुधवार को फैसला सुरक्षित रख लिया। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हम हैकिंग और हेरफेर के संदेह के आधार पर EVM के मामले में आदेश नहीं दे सकते हैं। हम चुनाव को कंट्रोल नहीं कर सकते। चुनाव आयोग संवैधानिक संस्थान है और उसके नियंत्रक अथॉरिटी के तौर पर हम काम नहीं कर सकते हैं।

**VVPAT मामले में फैसला सुरक्षित**

कोर्ट ने कहा कि कोई भी गलत काम होता है तो उसके खिलाफ कानूनी प्रावधान है। अभी तक एक भी ऐसा केस नहीं आया, जिसमें पर्ची का EVM के वोट से मिलान बेमेल हो गया हो। याचिकाकर्ता से कहा कि आपने भी ऐसी कोई रिपोर्ट नहीं दी हैकिंग की घटना बताती हो। कोर्ट ने कहा कि EVM के सोर्स कोड का खुलासा नहीं किया जा सकता है, क्योंकि इससे इसका दुरुपयोग हो सकता है।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम ........ दै० नवभारत टाइम्स लखनऊ ........ दिनांक ........ 25 APR 2024

# EVM पर RTI के तहत नहीं दी गई जानकारी

**कंपनियों ने जानकारी देने से इनकार कर दिया**

■ **भाषा, नई दिल्ली:** इलेक्ट्रॉनिक्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड ने EVM और VVPAT के विभिन्न कल-पुर्जों के निर्माताओं और आपूर्तिकर्ताओं के नाम और संपर्क विवरण देने से इनकार कर दिया है। सूचना का अधिकार कानून के तहत एक कार्यकर्ता ने इस संबंध में सवाल किया था और सार्वजनिक क्षेत्र के इन उपक्रमों ने व्यावसायिक विश्वास का हवाला देते हुए जानकारी देने से इनकार कर दिया। कार्यकर्ता वेंकटेश नायक ने इन कंपनियों के पास एक समान आवेदन दायर किया था। इसमें वेंकटेश ने EVM और VVPAT के निर्माण में इस्तेमाल किए जाने वाले विभिन्न उपकरणों के निर्माताओं और आपूर्तिकर्ताओं का विवरण मांगा था। दोनों कंपनियां रक्षा मंत्रालय के तहत आती हैं। EVM और VVPAT बनाती हैं।

समाचार पत्र का नाम दै० हिन्दुस्तान लखनऊ दिनांक ... 2024

## 200 शिकायतें मिलीं

निर्वाचन आयोग के मुताबिक आचार संहिता के उल्लंघन को लेकर 16 मार्च से 16 अप्रैल तक निर्वाचन आयोग को राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों द्वारा कुल 200 शिकायतें मिलीं। भाजपा ने 51 शिकायतें कीं। इनमें से 38 में कार्रवाई की गई। कांग्रेस ने कुल 59 शिकायतें की थी, 51 मामलों में कार्रवाई की गई। अन्य दलों से 90 शिकायतें मिली थी और 80 में कार्रवाई की गई।

# बुलंदशहर समेत यूपी की आठ सीटों पर मतदान कल

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए प्रचार बुधवार शाम थम गया। अब प्रत्याशी घर-घर जाकर



वोट मांग सकेंगे। यूपी की आठ सीटों समेत 12 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश की 88 सीटों पर 26 अप्रैल को मतदान होगा। केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर, कांग्रेस नेता राहुल गांधी, शशि थरूर, अभिनेत्री हेमा मालिनी, अरुण गोविल समेत 1,206 प्रत्याशी मैदान में हैं।

- इस चरण में उत्तर प्रदेश की गौतमबुद्धनगर, गाजियाबाद, अमरोहा, मेरठ, बागपत, बुलंदशहर, अलीगढ़ व मथुरा सीट के लिए मतदान होगा। साथ ही, असम (5), बिहार (5), छत्तीसगढ़ (3), कर्नाटक (14), केरल (20), मध्य प्रदेश (6), महाराष्ट्र (8), मणिपुर (1), राजस्थान (13), त्रिपुरा (1), पश्चिम बंगाल (3) और जम्मू-कश्मीर (1) में मतदान होना है। ब्यूरो

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दैनिक जागरण लखनऊ दिनांक 25 APR 2024

# पीएम के भाषण पर शिकायतों की जांच शुरू

नई दिल्ली, प्रेट्र: चुनाव आयोग ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के राजस्थान में दिए गए भाषण के खिलाफ दर्ज शिकायतों पर जांच शुरू कर दी है। कांग्रेस और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने पीएम के बयान को लेकर चुनाव आयोग का दरवाजा खटखटाया था। इसमें पीएम मोदी ने कहा था कि अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो वह लोगों की संपत्ति को मुस्लिमों को बांट देगी। मोदी ने पूर्व पीएम मनमोहन सिंह की उस टिप्पणी का हवाला दिया था कि देश के संसाधनों पर पहला दावा अल्पसंख्यक समुदाय का है।

पीएम के बयान को लेकर दर्ज शिकायतों पर विचार किया जा रहा है। कांग्रेस ने चुनाव आयोग से अपील की कि वह प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ ठोस कार्रवाई करे। पार्टी ने तर्क दिया है कि पीएम मोदी के विभाजनकारी बयान देकर आचार संहिता का स्पष्ट रूप से उल्लंघन किया है। पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल ने चुनाव आयोग पहुंचकर प्रधानमंत्री मोदी की टिप्पणी पर शिकायतें कीं।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दैनिक जागरण लखनऊ ........ दिनांक 25 APR 2024

# संदेह के आधार पर नहीं दिया जा सकता निर्णय : सुप्रीम कोर्ट

- वीवीपैट से वोट सत्यापन की मांग वाली याचिका पर निर्णय सुरक्षित
- ईवीएम सोर्स कोड की नहीं दी जा सकती है जानकारी : अदालत

> बैलेट पेपर पर वापस जाने का सवाल ही नहीं उठता। हालांकि हम देखेंगे कि किसी तरह के सुधार की जरूरत है। मौजूदा प्रणाली को मजबूत करने के लिए क्या आवश्यक है। अगर कोई छेड़छाड़ करता है, तो परिणाम भुगतेगा। - **सुप्रीम कोर्ट**



**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली :** ईवीएम और वीवीपैट पर बार-बार संदेह जताने वालों को सुप्रीम कोर्ट ने संदेश दे दिया है कि बिना किसी तथ्य के केवल संदेह के आधार पर कोई फैसला नहीं दिया जा सकता है। वकील प्रशांत भूषण से कोर्ट ने कहा कि आप जिस रिपोर्ट पर भरोसा कर रहे हैं वह कहती है कि अभी तक हैकिंग की कोई घटना नहीं हुई है। फिर इस पर रोक का आदेश कैसे दिया जा सकता है।

जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ ने ईवीएम और वीवीपैट की सुरक्षा और प्रोग्रामिंग के बारे में चुनाव आयोग से कुछ सवाल पूछे। चुनाव आयोग ने कहा कि ईवीएम और वीवीपैट मशीन में किसी तरह की कोई छेड़छाड़ नहीं की जा सकती है। आयोग ने मशीनों की सुरक्षा उन्हें सील किए जाने और उनकी प्रोग्रामिंग के संबंध में स्थिति स्पष्ट की। कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया है।

एसोसिएशन फार डेमेक्रेटिक रिफार्मस (एडीआर) और कुछ अन्य ने सुप्रीम कोर्ट में याचिकाएं दाखिल कर वीवीपैट पर्चियों का ईवीएम से 100 प्रतिशत मिलान की मांग की है। वैसे तो कोर्ट मामले में बहस सुनकर पहले ही 18 अप्रैल को फैसला सुरक्षित रख चुका था, लेकिन बुधवार को कोर्ट ने चुनाव आयोग से कुछ सवालों के जवाब जानने के लिए मामले को फिर से सुनवाई पर लगाया था। जस्टिस दीपांकर दत्ता ने, कहा कि क्या सिर्फ संदेह के आधार पर कोर्ट इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के बारे में आदेश दे सकता है, जबकि इसका कोई ठोस सुबूत भी नहीं है।

पीठ की अगुवाई कर रहे जस्टिस संजीव खन्ना ने कहा कि उन्होंने सारी दलीलें सुन ली हैं और जो कुछ जिज्ञासाएं थीं वह आयोग से पूछ ली हैं और आयोग ने स्थिति साफ कर दी है। अब कोर्ट मामले पर विचार करेगा और फैसला देगा। सुनवाई के दौरान जब याची की ओर से ईवीएम सोर्स कोड को सार्वजनिक करने की मांग की गई, तो कोर्ट ने साफ तौर पर इन्कार करते हुए कहा कि ईवीएम सोर्स कोड कभी नहीं जारी नहीं किया जा सकता, उसका दुरुपयोग हो सकता है। कोर्ट ने भूषण से कहा कि जब आपसे कोर्ट ने विकल्प पूछा था, तो आपने वापस बैलेट पर जाने की बात कही थी।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

2 5 APR 2024

समाचार पत्र का नाम ........ दै० आज लखनऊ ........ दिनांक ........

# वीवीपैट वेरिफिकेशन पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला सुरक्षित

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपीएटी) के साथ ईवीएम का उपयोग करके डाले गये सभी वोटों के सत्यापन की मांग वाली याचिकाओं पर आज अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। चुनाव आयोग के अधिकारी से कुछ सवालों पर स्पष्टीकरण मांगने के बाद अदालत ने फैसला सुरक्षित रखा है। आज सुबह जब न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ में इस मामले से जुड़ी याचिकाओं पर

## महज संदेह पर चुनाव कंट्रोल नहीं कर सकते

सुनवाई शुरू हुई तो अदालत ने चुनाव आयोग से कुछ सवालों पर स्पष्टीकरण मांगा। साथ ही उसके अधिकारी को दोपहर दो बजे अदालत में पेश होने और कुछ सवालों के जवाब देने के लिए कहा। इससे पहले शीर्ष अदालत ने 18 अप्रैल को फैसला सुरक्षित रखा था। चुनावी प्रणाली में मतदाताओं की संतुष्टि और विश्वास के महत्व को सर्वोपरि मानते हुए शीर्ष अदालत ने सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं से कहा था कि हर बात पर संदेह नहीं किया जाना चाहिए। पिछली सुनवाई में शीर्ष अदालत ने चुनाव आयोग से कहा था कि चुनावी प्रक्रिया में शुचिता होनी चाहिए। अदालत ने चुनाव आयोग से स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए अपनाए गए कदमों के बारे में विस्तार से बताने को कहा था। पीठ ने कहा था कि यह एक चुनावी प्रक्रिया है। इसमें पवित्रता होनी चाहिए। किसी को भी यह आशंका नहीं होनी चाहिए कि जो कुछ संभावनाएं बनती हैं, वह नहीं किया जा रहा है। पीठ के सामने उपस्थित चुनाव आयोग के अधिकारी ने ईवीएम और वीवीपैट की कार्यप्रणाली के बारे में बताया था। इससे पहले उच्चतम न्यायालय ने ईवीएम की आलोचना करने वालों की निंदा की थी। शीर्ष अदालत ने कहा था कि देश में चुनाव कराना एक बड़ी चुनौती है, ऐसे में हमें सिस्टम को पीछे की तरफनहीं ले जाना चाहिए। उच्चतम न्यायालय ने अपनी टिप्पणी में उस समय का भी जिक्र




किया, जब बैलेट पेपर से चुनाव होते थे और मतपेटियां लूट ली जातीं थी। उच्चतम न्यायालय ने एनजीओ एडीआर द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए ये टिप्पणी की थी। याचिका से मांग की गई थी कि ईवीएम में डाले जाने वाले वोट का सौ फीसदी वीवीपैट मशीन के साथ क्रॉस वेरिफिकेशन कराया जाए, ताकि मतदाता को पता चल सके कि उसने सही वोट दिया है। याचिका में कहा गया है कि कई यूरोपीय देश भी ईवीएम का इस्तेमाल कर फिर से बैलेट पेपर से मतदान पर लौट चुके हैं। इस पर जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ ने कहा कि देश में चुनाव कराना बड़ी चुनौती है और कोई भी यूरोपीय देश ऐसा नहीं कर सकता। पीठ ने चुनाव आयोग की तरफ से पेश हुए वकील मनिंदर सिंह से कहा कि वह कोर्ट को ईवीएम से संबंधित सभी जानकारी उपलब्ध कराए, जिसमें ईवीएम के काम करने, उसे स्टोर करने संबंधी सारी जानकारी दें।

Thursday, April 25, 2024

समाचार पत्र का नाम दे० इण्डियन एक्सप्रेस, लखनऊ दिनांक 25 APR 2024



# DELHI CONFIDENTIAL



## RARE FEAT

IT'S RARE for an Election Commissioner to have conducted one cycle of elections for the assemblies of all states in the country as well as for Parliament during one's term. However, Chief Election Commissioner Rajiv Kumar, by the end of his term next year, will have accomplished just that. Kumar, who joined the Election Commission of India (ECI) in May 2022, has overseen elections in 11 states during his time as an Election Commissioner, and will manage the remaining ones during his term as the CEC. The last state, Delhi, should ideally also go to polls before his retirement in February 2025. Not only that, but elections for the President and Vice President have also occurred during his tenure.

# Verification of VVPAT slips: Top court says source code of EVMs cannot be disclosed

ANANTHAKRISHNAN G
NEW DELHI, APRIL 24

STATING THAT no candidate has yet pointed to a mismatch between the votes polled on Electronic Voting Machines (EVMs) and the slips printed by the Voter Verifiable Paper Audit Trail (VVPAT) machine, the Supreme Court Wednesday reserved its order on a bunch of petitions seeking 100 per cent verification of votes with the slips, saying it cannot issue directions on the basis of mere suspicion.

A two-judge bench of Justices Sanjiv Khanna and Dipankar Datta also said "we cannot control elections" and "we are not the controlling authority of another constitutional authority".

The bench reiterated that the source code of the EVMs should not be disclosed as the Election Commission of India (ECI) informed it that the micro-controllers installed in the machines are one-time programmable and cannot be changed. "It should not be disclosed. It will be misused. It should never be disclosed. It will become a problem," Justice Khanna said.

This is the second time that the SC has opined against making the EVM source code public.

Refusing to entertain a plea which raised a similar prayer, Chief Justice of India D Y Chandrachud presiding over a three-judge bench had in September last year said that "it shouldn't be in the public domain, because the moment you place it in the public domain, there is a danger that that will itself be subject to misuse".

Answering the bench's query on the microcontroller of the machines on Wednesday, an ECI official explained that all three units in an EVM — a Ballot Unit, Control Unit and VVPAT — have their own microcontrollers housed in secure unauthorised access-detection modules.

The official informed the court that the EVMs/VVPATs are stored for a period of 45 days after polling as the limitation period for filing election petitions under The Representation of People Act, 1981. "Upon expiry of the period, the Chief Electoral Officer writes to High Courts to ascertain if there are any election petitions filed for any constituency…It (concerned EVM) remains sealed and locked, nobody touches it" if any election petition is filed.

Regarding their storage, he said that the Control Unit is the most important and is sealed with a pink seal at the time of first-level checking. "At the time of commissioning of EVMs and after the polling is over, all three units are sealed. After second randomisation and commissioning, all three are stored together in the strong room as a unit. After polling, a green paper seal is applied".

Advocate Prashant Bhushan appearing for petitioner NGO Association for Democratic Reforms raised doubts on the contention that the microcontroller has a one-time programmable memory and said they also have a re-programmable flash memory and a malicious programme can be introduced into it. Justice Khanna, however, pointed out that the ECI itself had said that the flash memory is loaded with only symbols and that the microcontroller in the Control Unit is agnostic.

"What they are saying is that flash memory is certainly re-programmable. The flash memory is very small. It can store 1,024 symbols. Those are symbols, not software. As far as the microcontroller in the Control Unit is concerned, it is agnostic and does not recognise party or candidate names. It only recognises the button which is pressed on the Ballot Unit...Programming of the three units is done at the manufacturing stage. Manufacturer at that time doesn't know which party is going to be allotted which button," the judge observed.

Justice Datta said that a report which the petitioner NGO was relying on to raise doubts on the working of EVMs itself "says that till date there has been no incident of hacking identified. If there is some incident, law provides what is to be done". He added that no candidate has shown any mismatch so far, and "we cannot control the election...we are not the controlling authority of another constitutional authority".

To another argument about the likelihood of a malicious programme being used, Justice Datta asked, "can we issue mandamus on the basis of suspicion?".

Justice Khanna added that the report relied upon by the petitioners itself "uses the word doubtful. Because they themselves are not 100 per cent sure. We called for the data. They gave us the data. The data is before you, each and every candidate or his representative, when he is present in the polling station...knows where, what is happening...Each and every political party have their own think tanks, they have their technical experts. Yes, if there is something we can improve, we will certainly improve. If there is nothing, we will put it to them also, if they can improve some…"

He pointed out that "courts have intervened twice. One when we said VVPAT should be made mandatory and second when it was increased from 1 to 5. Now the response sometimes we get is go back to the ballot system".

# SC: Can't pass order on EVMs on the basis of suspicion of manipulation

TIMES NEWS NETWORK

New Delhi: Supreme Court on Wednesday expressed its unwillingness to pass any order regarding electronic voting machines (EVMs) only on the basis of suspected hacking and manipulation, while stating that it would not flinch from ensuring steps for improvement if it saw the need for any.

A bench of Justices Sanjiv Khanna and Dipankar Datta said the court was not the controlling authority of another constitutional body (Election Commission) which should take independent decisions pertaining to the poll process. When advocate Prashant Bhushan insisted there was still a possibility of a malicious programme being lodged in EVMs to alter the election results, the SC said, "The report you are relying on says there is no incident of hacking yet. We are not the controlling authority of another constitutional authority. We cannot control the election. The judgment of the court did say VVPAT... but where is the direction to increase the paper count? Can we issue mandamus on the basis of suspicion?" The SC, on the previous hearing on April 18, had virtually ruled out the possibility of returning to ballot paper.

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम ......दै० हिन्दुस्तान लखनऊ...... दिनांक ....25 APR 2024....

# आपराधिक व्यक्तियों के 495 लाइसेंसी शस्त्र जब्त

लखनऊ। निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में पुलिस, आयकर, आबकारी, नार्कोटिक्स एवं अन्य विभागों द्वारा प्रदेश भर में लगातार कार्रवाई की जा रही है। सघन जांच के लिए 480 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1836 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं। 16 मार्च से 23 अप्रैल तक पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक व्यक्तियों के 495 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किए गए। 4553 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराए गए।

शांति भंग की आशंका में सीआरपीसी के तहत 25,32,068 लोगों को पाबंद किए जाने के लिए नोटिस दिया गया है, जिनमें से 20,61,166 लोगों को पाबंद किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त पुलिस विभाग द्वारा 7650 बिना लाइसेंसी शस्त्र, 7753 कारतूस, 2900.32 किलोग्राम विस्फोटक व 411 बम बरामद कर सीज किए गए। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 3153 केंद्रों पर रेड डाली गई।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ
समाचार पत्र का नाम दै० राष्ट्रीय सहारा लखनऊ ...... दिनांक 25 APR 2024

# शत-प्रतिशत मतदान से सशक्त होगा लोकतंत्र : आयुक्त

**जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय सहारा की ओर से आयोजित रन फॉर वोट को दिखाई हरी झंडी**

**अदम गोंडवी मैदान से गोल्डन फेयरी रिसॉर्ट तक शत-प्रतिशत मतदान का संदेश लेकर दौड़े युवक-युवतियां**

**गोल्डन फेयरी रिसॉर्ट में आयोजित हुआ भव्य पुरस्कार वितरण व सम्मान समारोह**





गोल्डन फेयर रिसॉर्ट में पुरस्कार वितरण एवं सम्मान समारोह के दीप प्रज्वलन के अवसर पर मण्डलायुक्त योगेश्वर राम मिश्र, जिलाधिकारी नेहा शर्मा (बाएं) व राष्ट्रीय सहारा की रीजनल मार्केटिंग हेड बबिता सिंह, सम्मानित बच्चे व अन्य। फोटो : एसएनबी

**गोण्डा (एसएनबी)।** मंडल आयुक्त योगेश्वर राम मिश्र ने राष्ट्रीय सहारा दैनिक की ओर से गोल्ड फेयरी रिसॉर्ट में आयोजित पुरस्कार वितरण एवं सम्मान समारोह में मतदाताओं और जनपदवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि शत-प्रतिशत मतदान से ही लोकतंत्र सशक्त होगा। उन्होंने कहा कि यदि मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग नहीं करेंगे तो सत्ता में बहुमत की आवाज नहीं पहुंचेगी। आयुक्त ने कार्यक्रम में मौजूद युवाओं को एक-एक वोट का महत्व बताते हुए दुनिया के तमाम ऐसे देश के उदाहरण दिए जहां एक वोट से सरकार और देश पर प्रभाव दिखाई पड़ा।

मतदाता जागरूकता को लेकर राष्ट्रीय सहारा की ओर से आयोजित रन फॉर वोट कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को किया गया। अदम गोण्डवी मैदान से शुरु इस दौड़ व रैली को जिलाधिकारी ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर राष्ट्रीय सहारा की रीजनल मार्केटिंग हेड बबिता सिंह भी उपस्थित थीं। इसके बाद गोल्डन फेयरी रिसॉर्ट में रैली व दौड़ का समापन होने पर पुरस्कार वितरण व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में आयुक्त ने मौजूद लोगों को आगामी 20 मई को मतदान प्रक्रिया में बढ-चढकर भाग लेने की अपील की। बतौर विशिष्ट अतिथि जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि पूरे गोंडा की यह जिम्मेदारी है कि वह आने वाले 20 मई को शत-प्रतिशत मतदान करें। सभी लोग अपने बूथ तक जाएं और अपने मनपसंद उम्मीदवार और सरकार के चयन के लिए मतदान करें। इस मिनी मैराथन में जनपद व गैर जनपदों से आए सैकड़ो युवक-युवतियों ने मतदान करने का संकल्प दोहराते हुए दौड़ में प्रतिभाग किया। इसी के साथ ही विभिन्न विद्यालयों के बच्चों द्वारा मतदाता जागरूकता को लेकर रैली भी आकर्षण का केंद्र रही।

कार्यक्रम में सीआरओ महेश प्रकाश तथा नगर मजिस्ट्रेट विजय शर्मा ने भी मतदान के उद्देश्य पर प्रकाश डाला तथा पूरे जनपद वासियों से 20 मई को मतदान किए जाने की अपील की। कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि व अन्य विशिष्ट अतिथियों का राष्ट्रीय सहारा के ब्यूरो चीफ पीपी यादव ने बुके, अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन पत्रकार अरविन्द पाण्डेय ने किया।

समाचार पत्र का नाम ........दै० अमर उजाला लखनऊ.......... दिनांक 25 APR 2024

# डीएम ने दी बूथ लोकेशन की जानकारी



नवयुग कन्या महाविद्यालय में आयोजित समारोह में मौजूद जिलाधिकारी, शिक्षिकाएं व छात्राएं। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

**लखनऊ।** नवयुग कन्या महाविद्यालय में बृहस्पतिवार को मतदाता जागरुकता कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने छात्राओं को अधिकतम मतदान के लिए जागरूक किया।

उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग के सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी प्रभाग द्वारा नागरिकों की जानकारी के लिए उपलब्ध कराई जाने वाली साइट boothlocation.in के साथ ही छात्राओं को इसे प्रयोग करने की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किस प्रकार से हम घर बैठे ही इस एप से अपनी बूथ संख्या, क्रम संख्या संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कर सकते हैं।

इस दौरान छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम में प्राचार्य प्रो. मंजुला उपाध्याय, डॉ. मनमीत कौर, डॉ. नेहा अग्रवाल, डॉ. प्रतिमा घोष, प्रो. शोभा मिश्रा, एनसीसी कैडेट्स एवं सभी विभागों की छात्राएं उपस्थित रहीं।

## रंगोली से किया मतदाताओं को जागरूक

**लखनऊ।** मतदाताओं को जागरूक करने के लिए गुरुद्वारा नाका हिंडोला स्थित खालसा इंटर कॉलेज में बुधवार को रंगोली प्रतियोगिता हुई। शिक्षिका डॉ. रूबी त्रिपाठी, गायत्री ओझा, गुरमीत कौर व अलका राय के नेतृत्व में छात्राओं ने रंगोली के माध्यम से लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया। 20 मई को होने वाले मंतदान के प्रति जागरूक करते हुए छोड़ो अपने सारे काम, पहले चलो करें मतदान, वोट फॉर बेटर इंडिया व न जाति पर न धर्म पर बटन दबेगा कर्म पर... जैसे स्लोगन पर आधारित रंगोली बनाई गई। स्कूल के प्रबंधक राजेन्द्र सिंह बग्गा, प्रधानाचार्य वीरेन्द्र सिंह, आलोक मिश्र आदि मौजूद रहे। (संवाद)

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० अमर उजाला लखनऊ ........ दिनांक 25 APR 2024

# उपचुनाव : भाजपा के ओपी श्रीवास्तव कल करेंगे नामांकन

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। पूर्वी विधानसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी ओपी श्रीवास्तव 26 अप्रैल को नामांकन करेंगे। महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने बताया कि नामांकन पत्र भरने की औपचारिकता पूरी की जा रही है। नामांकन जुलूस को ऐतिहासिक बनाने के लिए कार्यकर्ताओं ने पूरी ताकत झोंक दी है।

मंडल, वार्ड, बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं से संपर्क किया जा रहा है, जो जुलूस में शामिल होंगे। महानगर कार्यालय में बुधवार को भाजपा प्रत्याशी ओपी श्रीवास्तव के साथ नामांकन की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। वह 26 अप्रैल को सुबह 9:30 बजे हनुमान सेतु मंदिर में दर्शन करेंगे।

इसके बाद मंदिर पार्किंग से जिला कचहरी के लिए नामांकन जुलूस के साथ निकलेंगे। नामांकन के बाद पूर्वी विधानसभा के विभिन्न वार्डों, बाजारों, प्रमुख चौराहों, मोहल्लों से होते हुए इंदिरानगर में ईश्वरधाम मंदिर के सामने 9/983 में अपने चुनाव कार्यालय पहुंचेंगे। इसके पहले बृहस्पतिवार को दोपहर तीन बजे चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया जाएगा।

## तीन वाहनों से ही जा सकेंगे प्रत्याशी

लखनऊ। नामांकन के लिए बुधवार को पुलिस ने दिशा निर्देश जारी किए हैं। इसके तहत सिर्फ तीन वाहनों से ही प्रत्याशियों को कलेक्ट्रेट के पहले बैरियर तक प्रवेश की अनुमति दी गई है। इसके बाद अनुमन्य प्रस्तावकों के साथ प्रत्याशी पैदल जाएंगे। 100 मीटर के दायरे में कोई भी वाहन नहीं खड़ा होगा। प्रत्याशी के सुरक्षाकर्मी कलेक्ट्रेट के प्रथम चैनल गेट से आगे नामांकन कक्ष तक शस्त्र लेकर नहीं जाएंगे। समर्थक भी शस्त्र का प्रदर्शन नहीं करेंगे। मुख्य प्रवेश द्वार पर प्रत्याशी व प्रस्तावकों की चेकिंग होगी। नामांकन प्रक्रिया के लिए एक पुलिस उपायुक्त, 2 अपर पुलिस उपायुक्त, 6 सहायक पुलिस आयुक्त, 16 निरीक्षक, 176 उपनिरीक्षक, 153 मुख्य आरक्षी, आरक्षी व महिला आरक्षी तथा 2 कंपनी पीएसी बल की ड्यूटी लगाई गई है। (माई सिटी रिपोर्टर)

समाचार पत्र का नाम ....दै० अमर उजाला लखनऊ.... दिनांक ....25 APR 2024....

# मतदान से पहले घर बैठे जान सकेंगे बूथ की भीड़

## जिला प्रशासन ने दी चुनाव आयोग की सुविधा की जानकारी, दिलाई मतदान की शपथ

माई सिटी रिपोर्टर

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव में मतदाता घर बैठे बूथ की लोकेशन पता कर सकेंगे और भीड़ देख मतदान करने जा सकेंगे। इससे मतदाताओं सहूलियत होगी और न्यूनतम 70 फीसदी मतदान का लक्ष्य पूरा करने में मदद मिलेगी।

जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने बुधवार को एलडीए सभागार में आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों व पत्रकारों को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस चुनाव में कुल 3700 बूथ होंगे। सभी मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के लिए पर्याप्त सुविधाएं होंगी। सबसे अहम ये कि लोग पोर्टल पर घर बैठे बूथ की लोकेशन उस पर मौजूद भीड़ की जानकारी कर सकेंगे। इससे वे भीड़ कम होने पर मतदान के लिए निकल सकेंगे और कम समय में वोट देकर लौट सकेंगे।

उन्होंने आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों से कहा कि 20 मई को मतदान करने के लिए लोगों को जागरूक करें। सभी बूथों पर पेयजल, शौचालय, शेड का इंतजाम रहेगा। अंत में मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब व एलडीए वीसी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी की उपस्थित में में सभी पदाधिकारियों को वोट करने की शपथ दिलाई गई।



एलडीए सभागार में आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों के साथ बैठक करतीं मंडलायुक्त रोशन जैकब, जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार व वीसी इंद्रमणि त्रिपाठी। -संवाद

### इस पोर्टल व एप पर मिलेगी जानकारी

- मतदाताओं को घर बैठे बूथ की लोकेशन, मतदाता सूची और पोलिंग के दिन किस बूथ पर कितनी भीड़ है, इसकी जानकारी https://boothlocation.in/ पोर्टल पर हासिल होगी। इसे बुधवार को लॉन्च किया गया। साथ ही, ऑनलाइन वोटर पर्ची आदि की जानकारी के लिए Voter Helpline App के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई।

### काम की बातें

- जनपद के 14 मल्टीस्टोरी अपार्टमेंट्स में भी बनेंगे बूथ।
- वृद्ध और दिव्यांगों के लिए अलग से रहेगी व्यवस्था।
- 25 अधिकारी प्रतिदिन अपार्टमेंट में जाकर मतदान के लिए लोगों को जागरूक करेंगे।
- टॉप वोटिंग कराने वाले पदाधिकारियों को सम्मानित किया जाएगा।
- बच्चों की टोलियां घर-घर जा कर लोगों को मतदान करने भेजेंगी।

### फैक्ट फाइल

- लोकसभा के इस चुनाव में बनाए गए 3500 बूथ।
- लखनऊ में कुल 39 लाख वोटर, पिछले चुनाव में थे 35 लाख।
- पिछले चुनाव में लखनऊ में 54 एवं मोहनलालगंज में 62 फीसदी हुआ था मतदान।
- 15 लाख वोटर नहीं आए थे वोट डालने, 28 लाख लोगों को मतदान के लिए लिखा गया पत्र।

### जोधपुर और गुरुग्राम से आएंगे वोट देने

बैठक में विपुल खंड कल्याण समिति गोमतीनगर के पदाधिकारी किशोर शाह ने बताया कि उनकी कॉलोनी के दो लोग किसी काम से जोधपुर गए हैं। उन्होंने बुधवार को फोन करके पूछा कि यदि उनका नाम वोटर लिस्ट में हो तो वह 20 मई से पहले वापस आकर मतदान करेंगे। किशोर ने ऑनलाइन वोटर लिस्ट में चेक किया तो दोनों के नाम शामिल मिले। इस पर दोनों लोगों ने वापसी का रिजर्वेशन करा लिया है। ऐशबाग रोड अपार्टमेंट के पदाधिकारी असित अग्रवाल, नील रत्न ने बताया कि उनके दो बच्चे गुरुग्राम में पढ़ाई कर रहे हैं। मतदान के लिए दोनों का वापसी का रिजर्वेशन करा दिया है। अफसरों ने दोनों पदाधिकारियों की प्रशंसा की।

समाचार पत्र का नाम दै० अमर उजाला लखनऊ दिनांक 2 5 APR 2024

## चुनाव ड्यूटी पर कानपुर से नोएडा भेजे गए 115 पुलिसकर्मी अनुपस्थित

**लखनऊ।** चुनाव ड्यूटी के लिए कानपुर से नोएडा भेजे गए 115 पुलिसकर्मियों के अनुपस्थित होने का मामला सामने आया है। ग्रेटर नोएडा के पुलिस उपायुक्त के मंगलवार रात निरीक्षण के दौरान कानपुर से आए 138 पुलिसकर्मियों में से 115 नदारद मिले। इन सभी को दादरी के अंशु पब्लिक स्कूल में ठहराया गया था। नोएडा पुलिस ने अनुपस्थित पुलिसकर्मियों की गैरहाजिरी का तस्करा जीडी में दर्ज किया है। साथ ही पूरे प्रकरण से डीजीपी मुख्यालय को भी अवगत कराया है। ब्यूरो

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दैनिक जागरण लखनऊ दिनांक 25 APR 2024

## नामांकन कल से, 34 कैमरों से होगी निगरानी

मोहनलालगंज और लखनऊ लोकसभा सीटों के लिए 26 अप्रैल से नामांकन प्रक्रिया कलेक्ट्रेट में शुरू हो रही है। कई दिग्गज प्रत्याशियों को देखते हुए पूरे परिसर की सुरक्षा कड़ी की जा रही है। पूरे परिसर की अंदर से बाहर तक निगरानी के लिए 34 सीसी कैमरे लगाए जा रहे हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने बताया कि कमरा नंबर 19, जिसमें जिलाधिकारी न्यायालय है वहां पर लखनऊ लोकसभा के लिए प्रत्याशी पर्चा दाखिल करेंगे। कमरा नंबर दो में मोहनलालगंज लोकसभा के लिए नामांकन होगा।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दैनिक जागरण लखनऊ दिनांक 25 APR 2024

# घर बैठे मिलेगी बूथ की लोकेशन व मतदाता सूची

जागरण संवाददाता • लखनऊ : राजधानी में पिछले लोकसभा और विधानसभा चुनावों में कम वोटिंग प्रतिशत आयोग की चिंताएं बढ़ा रही हैं। इस बार 20 मई को लखनऊ और मोहनलालगंज में होने वाले लोकसभा चुनावों में अधिक से अधिक मतदान के लिए प्रशासनिक मशीनरी युद्ध स्तर पर सक्रिय है। प्रशासन ने मतदाताओं की सुविधा के लिए वेबसाइट https://boothlocation.in/ लांच की है, जिस पर बूथ की लोकेशन का पता लग जाएगा। साथ ही इस लिंक के द्वारा वोटर लिस्ट भी देख सकते हैं।

यही नहीं मतदाता को वेबसाइट से यह भी जानकारी मिल जाएगी की बूथ पर कितना वोट अब तक पड़ चुका है। ऐसा इसलिए किया जा रहा है ताकि मतदाता अपनी सुविधानुसार वोट डालने के लिए घर से निकले। अक्सर देखा गया है की लंबी लाइन देखकर लोग वापस चले जाते हैं। बूथ पर हो रही वोटिंग से मतदाता को मतदेय स्थल पर लगने वाली लाइन का अंदाजा हो जाएगा।

डीएम ने बताया कि लखनऊ में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए इसके अलावा भी कई तरह के प्रयास किए जा रहे हैं। सभी जिम्मेदार अफसरों को लगाया गया है।

**इन्हें किया गया पुरस्कृत** : मतदाता जागरूकता अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली छात्राओं को जिलाधिकारी ने पुरस्कृत किया। इनमें कैंपस एंबेसडर कैडेट नैंसी विश्वकर्मा, अल्पना सिंह, कैडेट शिवानी वर्मा, बुशरा हामिद एवं पलक गुप्ता, तनु सारस्वत, सोनल सिंह, आयुषी, कीर्ति, सुहानी झा, जानवी, अंजली, शताक्षी, दिव्या, अक्षरा, शुभांगी, साक्षी त्रिवेदी, पूनम, फरहीन, प्रिया सिमरन आदि लगभग 50 एनसीसी कैडेट्स एवं छात्राएं शामिल रहीं।



मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए किए जा रहे प्रयासों पर बात करते डीएम सूर्यपाल गंगवार साथ में मंडलायुक्त रोशन जैकब और एलडीए वीसी इंद्रमणि त्रिपाठी • सौ. प्रशासन

## बनाएं बुलावा टोलियां, अधिक मतदान पर होगा सम्मान

मतदान के दिन बच्चों की बुलावा टोलियां बनवाएं। ये टोलियां घर-घर जाकर लोगों के मतदान का निशान देखें। जिन्होंने वोट नहीं दिया है, उन्हें मतदेय स्थल भेजें। जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने बुधवार को रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारियों को मतदान बढ़ाने के निर्देश दिए। कहा कि अधिक मतदान कराने वाले पदाधिकारियों को सम्मानित किया जाएगा। लखनऊ विकास प्राधिकरण सभागार में मंडलायुक्त डा. रोशन जैकब की उपस्थिति में विपुल खंड कल्याण समिति गोमतीनगर के पदाधिकारी किशोर शाह ने बताया कि उनकी कालोनी के दो लोग जोधपुर गए हैं। उन्हें वोटिंग के लिए बुलाया गया है।

## मतदाता जागरूकता अभियान

नवयुग कन्या महाविद्यालय, राजेंद्र नगर में बुधवार को मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत विशेष सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रोफेसर मंजुला उपाध्याय ने की। संयोजन एवं संचालन मतदाता नोडल अधिकारी मेजर (डा.) मनमीत कौर सोढ़ी ने किया। जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने कहा कि सशक्त लोकतंत्र के निर्माण के लिए सभी जिम्मेदारी निभाएंगे तो विकसित भारत का निर्माण का संकल्प पूर्ण होगा। इस अवसर पर छात्राओं ने मतदाता जागरूकता संबंधी गीत प्रस्तुत किया। प्रांचार्य प्रोफेसर मंजुला उपाध्याय ने पहले मतदान, फिर जलपान पर जोर दिया।

समाचार पत्र का नाम ....दैनिक जागरण लखनऊ.... दिनांक 25 APR 2024

## चौथे चरण के लिए अब तक 133 प्रत्याशियों ने भरा नामांकन

राब्यू, जागरण• **लखनऊ** : उत्तर प्रदेश में चौथे चरण की 13 लोकसभा सीटों के लिए अब तक 133 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया है। इस कडी में बुधवार को 53 उम्मीदवारों ने अपना पर्चा दाखिल किया। खीरी, कानपुर और अकबरपुर में एक-एक, उन्नाव में दो, मिश्रिख व धौरहरा में तीन-तीन, सीतापुर में चार, इटावा में पांच, बहराइच में पांच, शाहजहांपुर, हरदोई व फर्रुखाबाद में छह-छह और कन्नौज में 10 प्रत्याशियों ने नामांकन भरा।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० आज लखनऊ दिनांक 25 APR 2024

# कहीं सजी रंगोली तो कहीं गाये गये गीत

## मतदाता जागरूकता अभियान के तहत कई कार्यक्रम



(आज समाचार सेवा)

लखनऊ। निर्वाचन आयोग के निर्देश पर चलाये जा रहे मतदाता जागरूकता अभियान के तहत आज राजधानी में कई कालेजों में कार्यक्रम आयोजित किये गये। कहीं रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गयी तों कहीं जागरूकता गीत प्रस्तुत किये गये। इसी क्रम में गुरुद्वारा नाका हिंडोला स्थित खालसा इंटर कॉलेज में छात्राओं ने रंगोली के माध्यम से 20 मई को संबंधित पोलिंग बूथ पर जाकर मतदान करने के प्रति जागरूक किया और मतदान करने की शपथ दिलायी गयी इस दौरान कॉलेज प्रबंधक राजेंद्र सिंह बग्गा प्रधानाचार्य वीरेन्द्र सिंह सहित स्टाफ ने जनपद में मतदान प्रतिशत बढ़ाने का संकल्प लिया। कॉलेज प्रबंधक ने शिक्षिका डॉ रूबी त्रिपाठी गायत्री ओझा गुरमीत कौर एवम अलका राय के दिशा निर्देशन में छात्राओं द्वारा शानदार रंगोली तैयार की गयी। इससे पूर्व सुबह की प्रार्थना सभा में शिक्षक आलोक मिश्र ने लोकतंत्र की संसदीय कार्य प्रणाली की भूमिका पर प्रकाश डाला। इसी क्रम में नवयुग कन्या महाविद्यालय राजेंद्र नगर में मतदाता जागरूकता के कार्यकम का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में जिला निर्वाचन अधिकारी व जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या प्रोफेसर मंजुला उपाध्याय ने की तथा संयोजन एव संचालन मतदाता नोडल अधिकार मेजर डॉ मनमीत कौर सोढ़ी किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दी प्रज्वलन एवं श्रेया श्रीवास्तव द्वा सरस्वती गान से हुआ।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० आज लखनऊ दिनांक 25 APR 2024

# लोकसभा चुनाव को लेकर डीएम और एसपी ने मीडिया प्रतिनिधियों के साथ की बैठक



**अमेठी।** जिलानिर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी निशा अनंत और पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में संयुक्त रूप से मीडिया प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर उन्हें लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को निष्पक्ष पारदर्शी व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए की गई तैयारियों की जानकारी उपलब्ध कराई तथा उनके सुझावों को भी सुना। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने सर्वप्रथम चुनाव को लेकर की गई तैयारी को मीडिया प्रतिनिधियों को विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई। जनपद में पांचवें चरण में 20 मई 2024 को मतदान होना है जिसके लिए 26 अप्रैल से नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ होगी 3 मई तक प्रत्याशियों द्वारा नामांकन किए जाएंगे 4 मई को नामांकन पत्रों की संवीक्षा की जाएगी तथा 6 मई को नाम वापसी होगी। नामांकन को लेकर सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं बैरीकेडिंग सुरक्षा व्यवस्था पार्किंग इत्यादि की सभी तैयारियां कर ली गई हैं सभी जगह मजिस्ट्रेट व पुलिस अधिकारियों की नियुक्ति भी कर दी गई है। उन्होंने बताया कि मतदान कार्मिकों की प्रथम ट्रेनिंग आज पूर्ण हो गई है अगला प्रशिक्षण 10 मई से दिया जाएगा। ईवीएम मशीनों का प्रथम रेंडमाइजेशन हो गया है दूसरा रेंडमाइजेशन प्रेक्षक की उपस्थिति में दिया जाएगा। निर्वाचन के दौरान नगदी शराब पैसा आभूषण एवं अन्य सामग्रियों के आवागमन की निगरानी हेतु उड़न दस्ता टीमें सक्रिय हैं जिनके द्वारा आने जाने वाले वाहनों व संदिग्ध व्यक्तियों की लगातार जांच की जा रही है 26 अप्रैल से स्थैटिक निगरानी टीमें भी सक्रिय हो जाएंगी। उन्होंने बताया कि जवाहर नवोदय विद्यालय से पोलिंग पार्टियों की रवानगी होगी तथा वहीं पर स्ट्रांग रूम व मतगणना संपन्न कराई जाएगी। पोस्टल बैलेट इस बार डाक के माध्यम से नहीं आएंगे द्वितीय प्रशिक्षण के दौरान मनीषी महिला महाविद्यालय में वोटर फैसिलिटेशन सेंटर बनाया जाएगा उसी में पोस्टल बैलेट डाल सकेंगे। इसके अतिरिक्त मतदान के दिन 50 फीसदी बूथों पर वेब कास्टिंग कराई जाएगी। निर्वाचन को सकुशल संपन्न कराने के लिए कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है जिसमें टोल फ्री नंबर-1950 के साथ ही 04 अन्य लैंडलाइन नंबर क्रमश: 05368-244188, 298152, 298153, 298154 पर शिकायत की जा सकती है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि निर्वाचन के दौरान राजनैतिक दलों द्वारा प्रकाशित कराया जाने वाले विज्ञापनों का एमसीएमसी कमेटी से प्रमाणन अनिवार्य होगा इसके साथ ही प्रत्याशियों द्वारा अपना आपराधिक इतिहास भी प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में चुनाव प्रक्रिया के दौरान कम से कम तीन बार प्रकाशित करना होगा। उन्होंने कहा कि नामांकन स्थल से 100 मीटर की परिधि में आवागमन पूर्णतया प्रतिबंधित रहेगा केवल प्रत्याशी तथा उसके प्रस्तावक को आने की अनुमति होगी एक प्रत्याशी अधिकतम 04 सेट में अपना नामांकन दाखिल कर सकता है नामांकन प्रात: 11 से 3 बजे तक लिया जाएगा। बैठक में पुलिस अधीक्षक ने चुनाव के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर की गई तैयारियों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

Thursday, April 25, 2024

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ
समाचार पत्र का नाम दै० आज लखनऊ दिनांक 25 APR 2024

# घर बैठे मतदाताओं को मिलेंगी बूथ की लोकेशन

## जिला प्रशासन की अनूठी पहल, जिले का बूथ लोकेशन पोर्टल पर लॉच



### वोटर हेल्पलाइन ऐप से डाउनलोड कर सकते हैं पर्ची

( आज समाचार सेवा )

लखनऊ।. लोकसभा चुनाव में राजधानी के मत प्रतिशत को बढ़ाने के लिये जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा की प्रयास किये जा रहें हैं। इसी क्रम में मतदाता अपने बूथ की लोकेशन बूथलोकेशन पोर्टल पर कर सकता है। इसके अलावा वोटर हेल्पलाइन ऐप से अपनी पर्ची डाउनलोड कर सकते हैं।यह व्यवस्था राजधानी में पहली बार की गयी है। इसी क्रम में आज एलडीए सभागार में मंडलायुक्त डा रोशन जैकब व जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्य पाल गंगवार द्वारा रेजिडेंट वेल्फेयर एसोसिएशन सहित अन्य पदाधिकारियों के साथ बैठककर बताया गया कि लोक सभा निर्वाचन के लिए कुल 3768 बूथों का निर्माण कराया गया है। जिला प्रशासन द्वारा सभी मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की सुविधाओं के लिए पर्याप्त व्यवस्थाएं कराई जा रही हैं।लोगों को 20 मई को मतदान करने के लिए जागरूक करने की सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया की पिछले लोक सभा सामान्य निर्वाचन में मोंहनलालगंज लोक सभा में तो 62 प्रतिशत मतदान हुआ था पर लखनऊ लोक सभा में केवल 54 प्रतिशत ही मतदान हुआ था। जोकि बहुत ही निराशाजनक है। हमे इस बार इस मिथ को तोड़ते हुये जनपद में रिकार्ड मतदान कराना है। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा बताया गया की मतदाताओं की सुविधा के लिए जिला प्रशासन के द्वारा बूथलोकेशन पोर्टल को लांच किया गया है। जिसके माध्यम से कोई भी व्यक्ति अपने बूथ की लोकेशन को घर बैठे ही प्राप्त कर सकता है। उक्त के साथ ही इस लिंक के द्वारा आप अपने बूथ की वोटर लिस्ट भी देख सकते है। साथ ही निर्वाचन वाले दिन इस लिंक पर किस बूथ पर कितनी वेटिंग है इसकी जानकारी भी प्राप्त की जा सकती है। उक्त के अतिरिक्त अन्य जानकारियों जैसे ऑनलाइन वोटर पर्ची आदि की जानकारी के लिए वोटर हेल्पलाइन ऐप के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। वृद्धजनों और दिव्यांगजनों के लिए भी अलग से व्यवस्था कराई जा रही है। उक्त के साथ ही सभी बूथों पर पेयजल शौचालय शेड आदि की व्यवस्थाओं को भी सुनिश्चित कराया जा रहा है। मंडलायुक्त द्वारा बताया गया की मल्टी स्टोरी बिल्डिंग्स में रहने वाले मतदाताओं की सुविधा के लिए जनपद के 14 मल्टी स्टोरी अपार्टमेंट्स में पोलिंग बूथ भी बनाए गए है ताकि बिल्डिंग में रहने वाले मतदाता वहीं पर मतदान कर सके। उक्त बैठक में एलडीए उपाध्यक्ष इंद्रमणि त्रिपाठी मुख्य विकास अधिकारी अजय जैन उप जिला निर्वाचन अधिकारी शुभी सिंह ज्वाइंट मैजिस्ट्रेट गुंजा अग्रवाल व अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

25 APR 2024

समाचार पत्र का नाम दै० आज लखनऊ दिनांक

## जनपद पहुँचें सामान्य प्रेक्षक

**बहराइच।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र-56 बहराइच (अ.जा.) के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक आई.ए.एस. अधिकारी अनिल राज राय जनपद पहुँच गये है। सामान्य प्रेक्षक श्री राय प्रतिदिन पूर्वान्ह 09:00 बजे से पूर्वान्ह 10:00 बजे तक रूम नं0-1, लोक निर्माण विभाग, बहराइच के गेस्ट हाउस में जनसामान्य से मिलने हेतु उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी देते हुए उप जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन से सम्बन्धित किसी प्रकार के सुझाव/शिकायतों के सम्बन्ध में सामान्य प्रेक्षक के मोबाइल नम्बर 9336643866 अथवा उनके लाईज़निंग आफिसर के मोबाइल नम्बर 9717279623 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम ......दै० आज लखनऊ...... दिनांक ......25 APR 2024......

## ईवीएम/वीवीपैट मशीनों का प्रथम रेंडमाइजेशन संपन्न

**श्रावस्ती।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन.2024 के मतदान को पूर्ण पारदर्शिता के साथ कराने के लिए जिला मजिस्ट्रेटध्जिला निर्वाचन अधिकारी कृतिका शर्मा की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट स्थित एन0आई0सी0 में ई0वी0एम0 एवं वीवीपैट मशीन का प्रथम रेंडमाइजेशन संपन्न हुआ। प्रथम रेंडमाइजेशन के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी राजनैतिक दलों को बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की मंशानुरूप जनपद श्रावस्ती में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न कराने हेतु समस्त कार्यवाही पूर्ण पारदर्शिता के साथ सुनिश्चित की जा रही हैं।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ
समाचार पत्र का नाम दै० पॉयनियर लखनऊ दिनांक 25 APR 2024

# Voters to get real-time information on queue at their polling booths

PNS ■ LUCKNOW

To reduce the voters' waiting time, the district administration is providing a facility to the Lucknow voters through which the voters can check whether the queue is long at their polling booth or not and in accordance cast their vote.

This facility will be displayed on May 20 on the portal 'booth location.in' created by the district administration.

District Magistrate and District Election Officer Surya Pal Gangwar gave this information at a press conference organised at the Lucknow Development Authority office on Wednesday.

He said that for providing this facility they collect data and get the details of the queue length from the presiding officer of the respective booths and display it on the portal.

"If there are 40 people in the queue then a voter will get a chance to cast his vote in 15-20 minutes. If this information is available to the voter, it will be convenient for him or her to find out when he/she should step out of the house. Sometimes people assume that there is going to be a huge crowd at the polling booth and do not venture out of the house," he said.

He said that these were the arrangements which the administration was making at the local level apart from the arrangements made by the Election Commission of India.

Gangwar said that the voters could visit booth location.in and also find out the details of their polling booths.

"There are several new voters who can locate their polling stations through this portal. When you click on the portal it will give the Google location of the polling booth and at what distance it is located. In this portal the parliamentary constituency is selected first then the Vidhan Sabha constituency and then the booth number after which the location pops up. This can be done conveniently on one's mobile phone. The entire voter list will also be displayed here," he added.

Addressing the press, he said that the voting exercise would take place on May 20 from 7 am to 6 pm. He said that they organised a meeting with the resident welfare associations of the city to increase the voting percentage of Lucknow.

"We held discussions with these RWAs on how the voters have to be made aware and motivated. We are taking their suggestions," he said.

He said that the district administration was making all efforts to see that the voting percentage increases in both the rural and the urban areas of the Lucknow district.

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० हिन्दुस्तान टाइम्स, लखनऊ दिनांक 25 APR 2024

# RWAs roped in to up voting percentage

**HT Correspondent**
letters@htlive.com

**LUCKNOW :** Concerned over the low turnout in the first phase of elections, the district administration on Wednesday reached out to Resident Welfare Associations (RWAs) with an aim to increase the voting percentage in Lucknow to 70% this time from 54% in the previous Lok Sabha election. The focus is on increasing voter turnout at all booths of the state capital.

"We have approached RWAs as they have the potential to play an important role in mobilising people to come out and vote. Voting is not just a right, it's a duty. By engaging with RWAs, we hope to create a sense of collective responsibility that will lead to a higher voter turnout," said district electoral officer Surya Pal Gangwar while addressing representatives of RWAs at LDA hall.

He said the aim is to make sure all eligible voters in Lucknow exercise their franchise in the Lok Sabha elections. "We have invited RWA representatives to emphasise on their responsibilities in increasing voter turnout. The government spends considerable resources on providing civic facilities at every polling station. If a booth has a list of 1,500 voters but only 300 show up, the facilities created for the remaining 1,200 go waste. It's a loss not just for the Election Commission but for the country," emphasised Gangwar.

During the previous elections in Lucknow, the Election Commission of India (ECI) arranged for approximately 35 lakh voters across thousands of booths spread across the district, offering amenities such as water, childcare, and restrooms. However, only 20 lakh voters turned up, leaving resources intended for another 15 lakh voters unused. This resulted in a significant waste of public funds.

Gangwar explained, "When we examined why 15 lakh people didn't turn up to vote, we found the primary reason was a lack of motivation. That's why we've called on RWAs to help encourage residents to participate in the electoral process. We urged office-bearers of RWAs to reach out to every citizen in their respective communities, whether it's a multi-storey housing society or a different neighbourhood, to ensure people come out to vote."

He said, "To further support voter engagement, the district administration has launched various applications and online portals to ensure no names are missing from the electoral rolls. These digital tools also help voters find their designated polling booths." "We have trained office bearers of RWAs in operating these applications and ensure that names of all residents in societies are included," added Gangwar.



Divisional commissioner Roshan Jacob and DM Surya Pal Gangwar speak to RWAs in Lucknow on Wednesday MUSHTAQ ALI/HT

## BOOTH STATS

- Sarojini Nagar constituency leads with 582 booths, followed by BKT with 487, Lucknow East with 417, Lucknow West with 414, Malihabad with 405, Mohanlalganj with 399, Lucknow North with 393, and Lucknow Central with 339 booths.
- Lucknow Cantt has the least number of 330 booths allocated for voters participating in the upcoming LS polls.
- During the Lok Sabha polls in 2024, the district administration has planned 3,767 booths, marking a notable reduction of 295 booths.

## LKO POLL STORY

| Year | Voter turnout | Poll % |
|---|---|---|
| 2019 | 11,16,445 | 54.72 |
| 2014 | 10,33,883 | 53.02 |
| 2009 | 6,14,058 | 37.49 |

## How will they do it?

**Samar Vijay Singh, Parijat apartment**



There are 308 voters in the 5 towers of our society. We have planned to vote between 11 AM and 12 AM, prioritising the aged members of the society to vote first. We will use the WhatsApp group to pass on information. 90% of the society residents will cast their votes before lunchtime.

**Anju Varshney, representative of the Nehru enclave apartment**



There are approximately 1000 voters in our society. We will assist elderly and sick voters to the polling booth along with a colony doctor. We are planning to utilise the doorbell-ringing approach to remind every household to come out and vote with the help of our children.

**Vivek Sharma, representative of Jankipuram apartments**



There are approximately 850-900 voters across five apartments. The district administration has decided to set up a polling booth here and we have also requested the administration to plan for basic facilities such as driniking water, seating, and shades for the voters.

**Anish Mathew, Sunrise Apartment**



Approximately 500-550 voters reside in our society. We plan to send a WhatsApp message, provide wheelchair facilities, and arrange transportation for the elderly and sick residents. Additionally, we have requested ramps and selfie points with taglines from the district administration. Our aim is to ensure a smooth voting experience for all.

**Roop Kumar Sharma, Gomti Nagar**



There are around 2,000 voters in our area. We will distribute brochures with slogans to raise awareness about voting. Additionally, we will visit every home to ensure a smooth voting process in our area.

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० इण्डियन एक्सप्रेस, लखनऊ दिनांक 25 APR 2024

# BJP MP's wife to contest against him, files nomination as Independent in Etawah

**MANISH SAHU**
LUCKNOW, APRIL 24

FOUR DAYS after BJP MP Ram Shankar Katheria filed nomination papers for Etawah Lok Sabha seat, his wife Mridula Katheria also filed nomination papers as an Independent candidate from the same seat on Wednesday.

In the 2019 Lok Sabha elections, Mridula had filed nomination papers from Etawah but later withdrew them. Ram Shankar went on to win the seat for the BJP by defeating SP's Kamlesh Kumar by over 64,000 votes.

"Nomination papers are filed not to be withdrawn. I will contest the election... This is my birthright," Mridula told mediapersons on Wednesday.

Etawah constituency is scheduled to go for polls in the fourth on May 13. The deadline for filing nomination papers is May 25 and the last date for withdrawal of nomination is May 29.

When contacted, three-time MP Ram Shankar Katheria said: "She (Mridula) files nomination papers every time and withdraws. This is her decision to contest the election."

Meanwhile, a senior BJP leader said that Mridula filed the nomination papers "as a precautionary measure".

"In case, there are any issues with Ram Shankar's nominations, this would ensure that she could contest the election with the support of the party," the BJP leader said.

The Etawah Lok Sabha seat comprises Etawah, Bharthana, Auraiya, Dibiyapur, and Sikandra Assembly segments. It has 18.23 lakh voters, with the Scheduled Caste community being the predominant voters.

BALLOTIN

## Campaigning ends for second phase

*Lucknow:* Campaigning for the second phase of polling slated for April 26 in eight Lok Sabha constituencies of UP ended on Wednesday evening. The eight constituencies where voting will be held on Friday are Amroha, Meerut, Baghpat, Ghaziabad, Gautam Buddha Nagar, Bulandshahr, Aligarh and Mathura. UP has 80 parliamentary constituencies and polling will take place in all the seven phases of the Lok Sabha polls. Among the eight constituencies going to the polls in this phase, the BJP had won seven seats in 2019, while the BSP had got Amroha. Amroha MP Danish Ali is in the fray as a candidate of the INDIA bloc from the same seat. As per the EC rules, all election campaign activities carried out by political parties, their candidates and the representatives came to a close at 6 pm. **PTI**

# High-pitched campaign for Phase 2 LS polls ends

**HT Correspondent**
letters@hindustantimes.com

**LUCKNOW:** Studded with rallies, road shows, attacks and counter-attacks, the high-pitched campaign for the second phase of the Lok Sabha polls concluded in eight constituencies of west Uttar Pradesh on Wednesday. These seats go to polls in the second phase on Friday (April 26). The polling will be held in Amroha, Meerut, Baghpat, Ghaziabad, Gautam Buddh Nagar, Bulandshahr (SC), Aligarh and Mathura Lok Sabha constituencies, UP chief electoral officer Navdeep Rinwa said on Wednesday.

Ninety-one candidates are in fray for these eight seats where there are a total of 1,67,77,198 voters (1.67 crore), including 90,26,051 male (90.26 lakh), 77,50,356 (77.50 lakh) female and 791 third gender voters. →P4

→See also page 8

# High-pitched campaign for Phase 2 LS polls ends

### The second phase of polling will be held for eight seats in West U.P. on Friday

**HT Correspondent**
letters@hindustantimes.com

**LUCKNOW:** Studded with rallies, road shows, attacks and counter-attacks, the high-pitched election campaign concluded on Wednesday evening for eight Lok Sabha constituencies of west Uttar Pradesh going to polls in the second phase on Friday (April 26).

The second phase of polling will be held in Amroha, Meerut, Baghpat, Ghaziabad, Gautam Buddh Nagar, Bulandshahr (SC), Aligarh and Mathura Lok Sabha constituencies, Uttar Pradesh chief electoral officer Navdeep Rinwa said on Wednesday.

As many as 91 candidates are in fray for these eight seats where there are a total of 1,67,77,198 voters (1.67 crore), including 90,26,051 male (90.26 lakh), 77,50,356 (77.50 lakh) female and 791 third gender voters.

Twelve candidates are in the poll arena in Amroha, eight in Meerut, seven in Baghpat, 15 in Gautam Buddha Nagar, six in Bulandshahr, 14 each in Ghaziabad and Aligarh and 15 in Mathura.

The election is poised for a three-cornered contest with the NDA, the INDIA bloc and the Bahujan Samaj Party (BSP) fielding their candidates.

The key candidates include former Union minister and sitting MP Mahesh Sharma in Gautam Buddh Nagar (BJP), sitting MP and actress Hema Malini in Mathura (BJP), actor Arun Govil in Meerut (BJP) and Congress candidate Danish Ali in Amroha.

Out of eight Phase 2 seats, the BJP had bagged seven — Meerut, Baghpat, Ghaziabad, Gautam Buddh Nagar, Bulandshahr, Aligarh and Mathura — in 2019, defeating the SP-BSP-RLD alliance candidates in their stronghold. The BSP had bagged the Amroha seat.

This time, the BJP is contesting seven seats and has allotted the Baghpat seat to its ally, the Rashtriya Lok Dal.

The SP has fielded candidates on four seats — Meerut, Baghpat, Gautam Buddh Nagar and Aligarh leaving the four other seats — Amroha, Bulandshahr, Ghaziabad and Mathura — to its ally the Congress.

Adequate measures have been taken by the Election Commission of India to conduct fair and peaceful polling in the eight Lok Sabha constituencies going to polls on Friday, Rinwa said.

Polling personnel will leave the district headquarters for the polling stations on Thursday. The district election officers have been instructed to send the polling personnel on time, he said.

The district election officers have been instructed to provide necessary facilities to the voters and polling personnel at the polling centres and polling booths. The polling personnel will be provided medical kits to protect them from heat stroke and other health issues, he said.

For the BJP, Prime Minister Narendra Modi led the campaign along with chief minister Yogi Adityanath, defence minister Rajnath Singh, Union home minister Amit Shah, deputy chief ministers Keshav Prasad Maurya and Brajesh Pathak. Congress leader Rahul Gandhi and SP chief Akhilesh Yadav addressed a joint rally in Amroha. Bahujan Samaj Party chief Mayawati also led her party's campaign.

**SECOND PHASE LS ELECTION IN UP**

**Phase 2: April 26**

**8 constituencies:** Amroha, Meerut, Baghpat, Ghaziabad, Gautam Buddh Nagar, Bulandshahr, Aligarh and Mathura

**2019 result: BJP 7, BSP 1**

**Candidates: 91**



**KEY CANDIDATES**

Former Union minister Mahesh Sharma (BJP, Gautam Buddha Nagar), Hema Malini (BJP, Mathura), Arun Govil (BJP, Meerut), Danish Ali (Congress, Amroha).

**Voters**
1,67,77,198

**Male**
90,26,051

**Female**
77,50,356

**Third gender**
791



Hema Malini holds a roadshow in Mathura on Wednesday. ANI



Arun Govil during a roadshow in Meerut on Wednesday. PTI



Jayant Chaudhary during a public meeting in support of Kanwar Singh Tanwar, in Amroha on Wednesday. PTI

## WARMING UP FOR POLLS WITH AWARENESS EVENTS

# 'Must target at least 70% voting in city'

TIMES NEWS NETWORK

**Lucknow:** Targeting a 100% turnout for Lucknow, district magistrate Surya Pal Gangwar administered a voting pledge to the representatives of different Resident Welfare Associations (RWAs) as part of the special mass outreach programme at LDA on Wednesday.

The DM held a brainstorming session on strategies that may help spread awareness among residents, and thereby help in increasing the voting percentage.

From spreading awareness through WhatsApp channels to motivating residents through one-on-one and group meetings, RWAs have proposed to help the authorities increase voter turnout. Gangwar suggested forming teams of children would visit every household in their vicinity and check if the residents have their fingers inked on May 20, the day of voting.

"In case they find anyone without ink on their fingers, they'll urge these residents to go out and vote as a responsible citizen," Gangwar said.

# Students make rangoli for poll awareness

TIMES NEWS NETWORK

**Lucknow:** Under the SVEEP (Systematic Voters' Education and Electoral Participation) programme of Election Commission of Indis, students of Khalsa Intermediate College on Wednesday created awareness about voting through rangoli. During this, college manager Rajendra Singh Bagga, principal S. Virendra Singh and the staff took a pledge to increase the voting percentage in the district. The college manager praised the rangoli prepared by the students under the guidance of teachers Ruby Tripathi, Gayatri Ojha, Gurmeet Kaur and Alka Rai.



SAYING IT WITH RANGOLI

Earlier, in the morning prayer meeting, teacher Alok Mishra called upon the people to exercise their right of franchise.

# Log in to ECI portal, locate your booth

TIMES NEWS NETWORK

**Lucknow:** Voters will not have to depend on google maps or other traditional ways to locate their polling booths on the voting day.

Instead, they can visit https://boothlocation.in/ — a special portal developed by the Election Commission of India.

The portal will not just help people locate booths, but also help get information on the estimated waiting time for their turn to vote.

The facility will help them plan their visit to the booth accordingly. "A total of 3,768 polling booths have been established by us to ensure ease of access for the voters across the district. The location of these booths has been calibrated at the portal to help the voters in locating them," Gangwar said. "Besides, voters will also be able to get information about the voter list of the booth and how much waiting will be done at which booth on the day of polling," he added.

The DM further informed that this time around the process of obtaining the voter slip has been digitized.

All one needs to do is visit the voter helpline app.

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम ........ दै0 राष्ट्र आवाज, लखनऊ ........ दिनांक 25 APR 2024

# 23 अप्रैल तक 32056.68 लाख की शराब, ड्रगं व नकदी जब्त

लखनऊ। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी, नवदीप रिणवा ने बताया कि आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 01 मार्च से 23 अप्रैल तक कुल 32056.68 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नगदी आदि जब्त किये गये। इसमें 3186.42 लाख रुपये नकद धनराशि, 4335.11 लाख रुपये कीमत की शराब, 21217.18 लाख रुपये कीमत की ड्रग, 2161.59 लाख रुपये कीमत की बहुमूल्य धातुएं एवं 1156.38 लाख रुपये कीमत की अन्य सामग्री जब्त की गयी।

आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 23 अप्रैल, 2024 को कुल 119.51 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग व नगदी आदि जब्त किया गया। इसमें 23.83 लाख रुपये नकद धनराशि, 56.02 लाख रुपये कीमत की 21204.08 लीटर शराब, 39.66 लाख रुपये कीमत की 30024.50 ग्राम ड्रग जब्त की गयी।

## आज रवाना होंगी पोलिंग पार्टियाँ

लखनऊ । प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के द्वितीय चरण की 08 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 26 अप्रैल, 2024 को होने वाले मतदान को सकुशल, निष्पक्ष व शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए 25 अप्रैल, 2024 (गुरूवार) को मतदेय स्थलों (पोलिंग बूथों) के लिए पोलिंग पार्टियां रवाना होंगी। इसके लिए द्वितीय चरण के सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को समय से पोलिंग पार्टियों को रवाना करने के निर्देश दिये गये हैं।

## द्वितीय चरण के लिए चुनाव मैदान में 91 उम्मीदवार

लखनऊ । उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च, 2024 को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए निर्वाचन की प्रक्रिया चल रही है।

प्रदेश में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के द्वितीय चरण की 08 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए प्रत्याशियों के नामांकन पत्रों की जांच व प्रत्याशियों द्वारा नाम वापसी के पश्चात 91 प्रत्याशी चुनाव मैदान में है, जिसमें 10 महिला प्रत्याशी हैं। द्वितीय चरण की 08 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 1,67,77,198 मतदाता है, जिसमें 90,26,051 पुरुष मतदाता, 77,50,356 महिला मतदाता व 791 थर्ड जेण्डर हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रदेश में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के द्वितीय चरण की 08 लोकसभा सीटों के लिए द्वितीय चरण का मतदान 26 अप्रैल, 2024 (शुक्रवार) को सम्पन्न होगा।

## अब तक कुल 1,17,51,475 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी

लखनऊ। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि आदर्श आचार संहिता का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित कराने में अब तक सार्वजनिक एवं निजी स्थानों से कुल 1,17,51,475 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी।

इसमें सार्वजनिक स्थानों से 71,57,735 तथा निजी स्थानों से 45,93,740 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। इस दौरान सार्वजनिक स्थानों से वालराइटिंग के 7,81,420, पोस्टर के 33,19,983, बैनर के 20,19,431 एवं अन्य 10,36,901 मामलों में कार्यवाही की गयी। इसी प्रकार निजी स्थानों में से वालराइटिंग के 6,19,589, पोस्टर के 21,09,873 बैनर के 11,32,312 एवं अन्य 7,31,966 मामलों में कार्यवाही की गयी।

इसी प्रकार अब तक वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग के 1275 मामलों में तथा लाउडस्पीकर एक्ट के उल्लंघन के 2192 मामलों में कार्यवाही की गयी। बिना अनुमति के सभा व भाषण करने, मतदाताओं को लुभाने के लिए नकदी बांटने, वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग एवं अन्य मामलों में 94 एफआईआर दर्ज, 06 एनसीआर सहित कुल 100 प्रकरण में रिपोर्ट दर्ज की गयी है।